दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 271 | जयपुर | सोमवार, 04 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-दशमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# पहले मोदी और फिर शाह ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

## मॉनसून सत्र में कोई बड़ी तैयारी...?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन एक ही दिन अचानक प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और फिर कुछ घंटों के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। संसद के मॉनसून सत्र के बीच में हुई इस मुलाकात के बाद चर्चा होने लगी है कि क्या सरकार की ओर से कोई बड़ा कदम उठाया जा सकता है, जिसको लेकर पीएम और गृह मंत्री राष्ट्रपति से मिले। राष्ट्रपति भवन की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट पर पीएम मोदी और शाह के साथ राष्ट्रपति मुर्मू की अलग-अलग मुलाकात के बारे में जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुलाकात की तस्वीर भी साझा की गई है। राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन एक ही दिन अचानक प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रपति से पीएम मोदी की मुलाकात के बाद राष्ट्रपति भवन के सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसी तरह राष्ट्रपति की शाह से मुलाकात के बाद पोस्ट में कहा गया, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### क्यों अहम यह मुलाकात?

पीएम मोदी और अमित शाह की राष्ट्रपति के साथ हुई इस अहम मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इसे इसलिए भी अहम करार दिया जा रहा, क्योंकि इस समय संसद का मॉनसून सत्र चल रहा है और विपक्ष बिहार में एसआईआर और चुनाव आयोग के मामले में लगातार केंद्र सरकार पर हावी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें वोटरों का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। बिहार में महागठबंधन इसके खिलाफ है और आरोप लगा रहा है कि चुनाव में विपक्ष को पड़ने वाले वोटों को जानबूझकर काटा जा रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग ने इससे इनकार किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### ओवल टेस्ट-खराब लाइट से चौथे दिन का खेल जल्दी खत्म



बढ़ता राजस्थान

**लंदन (एजेंसी)।** खराब लाइट के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा ओवल टेस्ट के चौथे दिन का खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया। इंग्लिश टीम जीत से 35 रन दूर है। जबकि भारत को 4 विकेट चाहिए।

374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ने रविवार को स्टंप्स तक 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ 2 और जैमी ओवर्टन शून्य पर नाबाद हैं। जो रूट 105 रन और हैरी ब्रूक 111 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज, बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा 3 और मोहम्मद सिराज 2 विकेट ले चुके हैं। एक दिन पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे।

### विज बोले- कांग्रेस के डीएनए में तानाशाही भरी

**आतंकवाद की नींव उसी ने रखी, लोकतंत्र बचाने के लिए बीजेपी जान लगा देगी**



बढ़ता राजस्थान

**अंबाला (एजेंसी)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत की जनता ने अंग्रेजों के शासन को हराकर प्रजातंत्र स्थापित किया, उसी तरह अब भाजपा उस प्रजातंत्र की रक्षा के लिए अपनी जान लगा देगी। विज मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने को लेकर जवाब दे रहे थे। विज ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल को झूठ बोलने की आदत है और कांग्रेस ने देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ एक साजिशन जेहाद छेड़ रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी राहुल गांधी ईडी, सीबीआई और अदालतों पर सवाल उठाते हैं और अब चुनाव आयोग को लेकर एटम बम जैसी भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। विज ने कहा कि ये सारी संस्थाएं लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें गिराकर देश में तानाशाही लाना चाहती है क्योंकि कांग्रेस के डीएनए में तानाशाही भरी हुई है। हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए कहा कि कांग्रेस के डीएनए में तानाशाही है।

# राजस्थान में जल्द हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

## भाजपा संगठन में भी बदलाव संभव; मोदी के बाद अमित शाह और संगठन महामंत्री से मिले सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अचानक बांसवाड़ा से दिल्ली पहुंचे। रात को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। रविवार को संगठन महामंत्री बीएल संतोष से सीएम भजनलाल की मुलाकात हुई।

अब माना जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश में मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में विस्तार देखने को मिल सकता है। प्रदेश की राजनीति में हाशिए पर चल रहे सभी गुट के नेताओं को सक्रिय राजनीति में लाकर मौका दिया जा सकता है। दरअसल, भजनलाल सरकार को बने डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार नहीं हुआ है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नियुक्ति को भी एक साल पूरा हो चुका है। उन्होंने भी अपनी नई टीम की घोषणा नहीं की है।

### पिछले 7 दिन में सीएम ने की टॉप लीडरशिप से मुलाकात

इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 28 जुलाई से मानी जा रही है। जब वसुंधरा राजे की दिल्ली में संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात हुई। वसुंधरा राजे ने पीएम मोदी से मुलाकात करके अपने समर्थकों को सत्ता और संगठन में उचित स्थान दिलाने की पैरवी की। इस मुलाकात के अगले दिन सीएम भजनलाल शर्मा भी पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे। अब सीएम शनिवार को अचानक बांसवाड़ा से दिल्ली पहुंचे और अमित शाह के साथ ही संगठन महामंत्री बीएल संतोष से मुलाकात की।

### संगठन विस्तार में भी सभी को मौका

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम का भी सभी को इंतजार है। उन्हें प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त हुए भी एक साल हो चुका है, लेकिन वो अभी तक पुरानी टीम के साथ ही काम कर रहे हैं। ऐसे में संगठन विस्तार में भी सभी गुटों का समावेश देखने को मिल सकता है। इसके संकेत भी 1 दिन पहले देखने को मिले। जब पार्टी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा का संयोजक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी को बनाया। परनामी वसुंधरा गुट के नेता माने जाते हैं। अभी तक वे हाशिए पर चल रहे थे। लेकिन जिस तरह से पार्टी ने उन्हें प्रदेश टोली का संयोजक बनाया है। उससे माना जा रहा है कि पार्टी अब सभी गुटों को साधते हुए आगे बढ़ना चाहती है।



### सभी गुट के नेताओं को साधने का मैसेज

वसुंधरा राजे की पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम भजनलाल शर्मा जिस तरह से टॉप लीडरशिप से मुलाकात कर रहे हैं। उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि अब जल्द ही प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां होंगी। शुक्रवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों की शुरुआत के कयास लगाए जा रहे हैं।

# चुनाव आयोग का तेजस्वी यादव को नोटिस

## कहा- प्रेस कांफ्रेंस में दिखाया दूसरा वोटर कार्ड नंबर ऑफिशियल नहीं; इसे हैंडओवर करें

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को नोटिस भेजा है। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपने प्रेस कांफ्रेंस में ईपिक संख्या आरएबी2916120 दिखाया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है।

इस ईपिक कार्ड का विवरण और मूल कार्ड आयोग को उपलब्ध कराए, ताकि इसकी गहन जांच की जा सके। एनडीए नेताओं ने तेजस्वी के खिलाफ वो वोटर आईडी रखने के मामले में एफआईआर करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- उनका नाम वोटर लिस्ट से कट गया है।



### मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौरा

# मुख्यमंत्री शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्व का पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कश्मीर के अखल में सर्च ऑपरेशन का तीसरा दिन

# दो आतंकी ढेर, 2 की सर्चिंग जारी



बढ़ता राजस्थान

**कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में आतंकियों की तलाश का रविवार को तीसरा दिन है। यहां अभी भी 2 आतंकियों के छिपे होने आशंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक आतंकी घायल है। 1 अगस्त की रात से शुरू हुए सर्चिंग ऑपरेशन के बाद शनिवार को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को ढेर किया था। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के तौर पर हुई थी। आतंकी हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन-ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ था। एनकाउंटर के दौरान शनिवार को सेना का जवान घायल हुआ था। रविवार को 2 और जवान घायल हुए। तीनों का श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में इलाज जारी है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ऑपरेशन अखल को अंजाम दे रहे हैं। आतंकियों की तलाश के लिए हाईटेक सर्विलांस सिस्टम यूज में लाया जा रहा है।

शनिवार को एक अधिकारी ने बताया था कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शुक्रवार शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी, 12 की मौत

## गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए; एक परिवार के 9 लोग

बढ़ता राजस्थान

**गोंडा (एजेंसी)।** यूपी के गोंडा में रविवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। इनके अलावा 10 साल की बच्ची लापता हो गई थी। स्ठत्र्न टीम ने 7 घंटे बाद घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर उसकी लाश बरामद की। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। सभी गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर के गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी भरा है। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे और तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई।

गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। तेज स्पीड और बारिश होने की वजह से गाड़ी बेकाबू होकर नहर में गिरने लगी।

इस पर ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे 2 लोग भी बाहर आ गए। बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी। झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई। इसके बाद बोलरो नहर में गिर गई।



जहां हादसा हुआ, वहां आसपास ग्रामीण थे। बोलेरो नहर में गिरती देख वो लोग बचाने के लिए पानी में कूद गए, लेकिन गेट नहीं खोल पाए। रस्सी बांधकर बोलेरो को किनारे तक लाए, तब जाकर गाड़ी का कुछ हिस्सा बाहर आया। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे। पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे थी।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 40 शवों की पहचान पर संदेह

## ब्रिटिश परिवार डीएनए की पुष्टि के इंतजार में; दावा- भारत से भेजे गए 2 शव गलत

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद/लंदन (एजेंसी)।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई।

इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है।

ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच इस मुद्दे पर हाल में हुई चर्चा के बाद डीएनए की प्रक्रिया में तेजी आई है। कुछ शवों के डीएनए से मेल खाने की पुष्टि जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, टाटा समूह द्वारा 500 करोड़ के मुआवजे की योजना पर भी परिजन स्पष्टता की मांग कर रहे हैं, क्योंकि भारत, इंग्लैंड और अमेरिका में कानूनी कार्यवाही में समय लगता है। परिजन ने जांच में पारदर्शिता की भी मांग की है। अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया का प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। विमान में 242 लोग सवार थे। जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# स्पीकर हैल्प डेस्क का एक साल पूरा, 5 हजार से ज्यादा मरीजों को मिला फायदा

## मरीजों को रिस्पांस का गोल्डन टाइम मिनट्स में, सैकड़ों जानें बचानें में मिली सफलता

### राज्य में पहला अस्पताल जहां इस तरह की डेस्क

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर बनी स्पीकर हैल्प डेस्क मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। स्पीकर हैल्प डेस्क के माध्यम से अस्पताल में आने वाले गंभीर श्रेणी के मरीजों को मिलने वाला गोल्डन रिस्पांस टाइम मात्र कुछ मिनट्स का रह गया है। इससे मरीजों की जान बच रही है। उन्हें उपचार में भी प्राथमिकता के आधार पर सहायता मिल रही है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर अजमेर के जेएलएन अस्पताल में स्पीकर हैल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया था। एक साल पहले शुरू हुई इस हैल्प डेस्क के माध्यम से अब तक 5000 से ज्यादा मरीजों को उपचार प्राप्त हुआ है। इनमें कई मरीज ?से हैं, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अजमेर संभाग के चारों जिलो के मरीजों को इस डेस्क का फायदा मिल रहा है, उन्हें उपचार के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा है।

#### गोल्डन टाइम में मिला उपचार, बची जान

गंभीर रूप से बीमार, घायल या हार्ट अटैक आदि की स्थिति में मरीज को मिलने वाले उपचार में समय सीमा का सर्वाधिक महत्व है। अगर मरीज को समय पर सही उपचार मिल जाए तो उसकी स्थिति को गंभीर होने से बचाया जा सकता है। उसकी जान बचाई जा सकती है। स्पीकर हैल्प डेस्क इस उद्देश्य में खरी उतर रही है। हैल्प डेस्क पर सीधे या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिलने पर जो रिस्पाँस टाइम है, वह मात्र कुछ मिनट का है। अर्थात यहां पहुचने के साथ ही मरीज का पर्याप्त समय में उपचार शुरू हो जाता है।

#### इन विभागों में उपलब्ध सेवाएं

जवाहर लाल नेहरू अस्पताल कई विभागों की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इनमें ऑर्थोपेडिक, मेडिसिन, हृदय रोग, टीबी चेस्ट, नेत्र, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, पीएमआर, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, मनोरोग, कान, नाक, गला रोग विभाग, एनेस्थीसिया, गेस्ट्रोलॉजी, कार्डियो थॉरोसिक, न्यूरोलॉजी, रेडियो थैरेपी, ब्लड बैंक, माइक्रो बायोलॉजी, आपातकालीन, पीडियाट्रिक बायो कैमेस्ट्री एवं फॉरेंसिक मेडिसिन आदि विभाग शामिल हैं।



### विधानसभा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण?

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में हैल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों से मरीजों को दिए जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने चिकित्सकों की उपलब्धता, जांच, मरीजों को दी जाने वाली सहायता और दवाओं आदि के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल को आदर्श अस्पताल बनाने की दिशा में कोई भी कसर बाकी नहीं छोडी जा रही है। इसके लिए हर जरूरी संसाधनों को तेजी से जुटाया जा रहा है। जेएलएन अस्पताल प्रदेश का पहला चिकित्सालय है जहां स्पीकर हैल्प डेस्क की स्थापना हुई है। इसके जरिए मरीजों और उनके परिजनों को कई तरह की सहूलियतें मुहैया हो रही है। श्री देवनानी ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजन किसी भी समय जरूरत पड़ने पर बिना किसी हिचकिचाहट के स्पीकर हैल्प डेस्क पहुंच मदद प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मरीजों के परिजन व स्टाफ ने उनका अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया व स्टाफ भी साथ रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

### 101 फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर धरती को हरियाली युक्त और प्रदूषणमुक्त बनाने का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** वीर तेजाजी नगर के भोजा का बास में राठी भट्टा पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योगपति दयाचंद राठी और जिला उपाध्यक्ष जयपुर उत्तर देहात भाजपा, वन पर्यावरण अभियान संयोजक सुरेश गठाला के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर 101 फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर धरती को हरियाली युक्त और प्रदूषणमुक्त बनाने का संदेश दिया गया। पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर ने कहा कि पेड़ ही धरती का श्रृंगार है। पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़ ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करने से न केवल पर्यावरण को सहेजा जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक हरा-भरा वातावरण तैयार किया जा सकता है। यह अभियान घर-घर तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सार्थक अभियान है। पर्यावरणविद् और जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत और किशन लाल यादव गुरुजी ने जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए प्लास्टिक मुक्त पानी युक्त गांव और घर बनाने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. अशोक बाज्या, रामकरण यादव सरपंच, सवाई सिंह शेखावत, रामेश्वर बाज्या, मक्खन लाल सैनी, शिम्भुदयाल गढ़वाल, रामेश्वर भाटीया, मलखान चौधरी, लीलाराम धनखड़, बद्री प्रसाद राठी, मनजीत खोजा, धर्मेंद्र राठी, राकेश धीधवाल और हरीराम गिठाला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# षट आवश्यक हैं अति आवश्यक विषय पर तृतीय शाश्वत संगोष्ठी सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** डबोक स्थित तुलसीदास जी की सराय श्री कुंदकुंद कहान शाश्वत पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा संचालित (शाश्वत धाम)जैन दर्शन कन्या महाविद्यालय (बालिका गुरुकुल) द्वारा षट आवश्यक हैं अति आवश्यक तृतीय शाश्वत संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें प्रेरणा व प्रियल श्रेष्ठ वक्ता रही। शाश्वत धाम के मंत्री डॉ जिनेंद्र शास्त्री ने बताया की 'वक्त्रियाँ एवं विषय' शाश्वत आदिता जैन, कोटा' (कक्षा-8) आवश्यक क्या है विषय पर, शाश्वत प्रियांशी जैन, बकस्वाहा' ( कक्षा-9) विषय देव पूजा, शाश्वत प्रेरणा जैन, बकस्वाहा' (कक्षा-10) विषय गुरु उपासना,शाश्वत गाथा जैन, इंदौर' (कनिष्ठ उपाध्याय), विषय स्वाध्याय,शाश्वत अनुभूति जैन, अभाना' (कनिष्ठ उपाध्याय) विषय संयम, शाश्वत अर्पिता जैन, बेलगाँव (कर्नाटक)' ( वरिष्ठ उपाध्याय), विषय तप, शाश्वत प्रियल जैन, इंदौर' ( वरिष्ठ उपाध्याय), विषय दान, आवश्यक (षट्) हैं अति आवश्यक विषय गोष्ठी सम्पन्न हुई। शाश्वत धाम में अध्ययनरत एमडीएस एवं उपाध्याय वर्ग की कुल 7 बालिकाओं ने इस संगोष्ठी में अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। शाश्वत तनीषा जैन, श्योपुर कनिष्ठ उपाध्याय द्वारा किये मंगलाचरण से संगोष्ठी का प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी में अध्यक्षता पं. सुरेश जी शास्त्री, एवं निर्णायक पद 'पं. गजेंद्र शास्त्री, उदयपुर थे। संगोष्ठी में श्रेष्ठ वक्त्री के रूप में 'शाश्वत प्रेरणा जैन, बकस्वाहा, कक्षाद्10 एवं शाश्वत प्रियल जैन, इंदौर, वरिष्ठ उपाध्याय' को चुना गया। संगोष्ठी का सफल संचालन 'शाश्वत गरिमा जैन, अभाना - शास्त्री तृतीय वर्ष' द्वारा किया गया। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात् पं. अमित शास्त्री द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# सदर थाना पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को 24 घंटे में बाइक सहित किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 24 घंटे पहले घर से चोरी हुई बाइक को बरामद कर लिया है।थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बरगमा निवासी पंकज सिंह है। आरोपी ने एक दिन पहले घर में घुसकर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था।पुलिस के मुताबिक, बरगमा निवासी धीरेंद्र सिंह ने 31 जुलाई को अपने घर से बाइक चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद एएसआई सुरेश सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जांच शुरू की गई।चोरी हुई बाइक के साथ आरोपी बाइपास तिराहे पर नजर आया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। इस कार्रवाई में आरोपी चोरी की गई बाइक के साथ पकड़ा गया। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपी से बाइक चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई की टीम में हैड कांस्टेबल शिवलाल, हेमेंद्र, शिवसिंह, सतवीर आदि शामिल रहे।

# जिला प्रमुख पलाड़ा की अध्यक्षता में साधारण सभा एवं आयोजना समिति की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिला परिषद स्थित सभागार में जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाडा की अध्यक्षता में सोमवार 4 अगस्त को अपरान्ह् 11:15 बजे से साधारण सभा एवं आयोजना समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामप्रकाश ने बताया कि साधारण सभा की बैठक में गत बैठक के कार्यवाही विवरण तथा लिये गये निर्णयों की अनुपालना की पुष्टि एवं चर्चा, पन्द्रहवे वित आयोग 2025-26 का अनुमोदन, निजी आय से किये गये आय-व्यय का अनुमोदन सहित अन्य विषय पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

आयोजना समिति की बैठक में विभागो की योजनाओं की योजना मद की वर्ष 2025-26 की माह जून 2025 तक की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा, जी.पी.डी.पी., बी.पी.डी.पी.,डी.पी.डी.पी. वर्ष 2024-25 व 2025-26 की प्रगति की समीक्षा एवं अन्य बिन्दुओ पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं अजमेर तथा ब्यावर के जिला स्तरीयअधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# द बौहरा ग्लोबल स्कूल महुवा में राज्य स्तरीय छात्रा कबड्डी क्लस्टर का विधायक राजेन्द्र व जिला परिषद सीईओ नरेन्द्र मीणा ने ध्वजारोहण कर किया शुभारंभ

## 25 टीमों के बीच मुकाबलों से गूंजा रणभूमि जैसा जोश

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/महुवा ( अंशु गुप्ता )।** द बौहरा ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रविवार को खेल भावना और सांस्कृतिक उल्लास के अद्वितीय संगम से सराबोर हो उठा, जब सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय छात्रा कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का ऐतिहासिक शुभारंभ विधायक राजेन्द्र मीणा और जिला परिषद दौसा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र मीणा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच माहौल उत्सवमयी हो गया।

विधायक राजेन्द्र मीणा के आगमन पर छात्राओं ने पारंपरिक स्वागत कर वातावरण को गरिमा से भर दिया। समारोह का आगाज सरस्वती वंदना और गणेश वंदना से हुआ, जिसके बाद मंच पर 'अनेकता में एकता' पर आधारित भावनात्मक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे बच्चों के 'जुम्बा डांस' और सीनियर गर्ल्स के एरोबिक्स प्रदर्शन ने ऊर्जा और स्वास्थ्य का संदेश दिया, वहीं गणेश वंदना की प्रस्तुति ने पूरे समारोह को भक्ति के रंग में रंग दिया।र ाजस्थान के विभिन्न जिलों से आई 25 से अधिक टीमों की छात्रा-



खिलाड़ियां इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जिनके जोश और उमंग से मैदान गूंज उठा। प्रतियोगिता का संचालन सीबीएसई पर्यवेक्षक सुनील व्यास की देखरेख में हो रहा है, जबकि आयोजन की बागडोर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने संभाली। इसी बीच उद्घाटन मंच से संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र मीणा ने कहा कि ग्रामीण अंचल की बेटियां अब खेलों में अपनी पहचान बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रही हैं। कबड्डी जैसे स्वदेशी खेल हमारी संस्कृति का गौरव हैं और इनका संरक्षण व प्रोत्साहन करना हमारी जिम्मेदारी है। इस ऐतिहासिक समारोह में पूर्व जिला खेल अधिकारी राज नारायण शर्मा, विद्यालय चेयरमैन विजय शंकर बोहरा, निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, संरक्षक अवधेश अवस्थी, पूर्व सरपंच प्रेम देवी, समाजसेवी अजय बोहरा,अनिल बोहरा निलेश बोहरा रामगढ़ सरपंच पिंटू मीणा,विनय शर्मा, शैलेंद्र धनेटवाल , प्रिंसिपल ओपी, पुनीत पांडेय, राजेश सिंह ,कॉर्डिनेटर श्वेता नेगी राधा कृष्णभारद्वाज, अवनीश, गिरवर, मनोज जितेंद्र अभिषेक कविता थापा, पीटीआई सुरेंद्र, भूपेंद्र ,शिप्रा , शैलेन्द्र धनेटवाल लता ,विनय किरण, सीमा, पूर्णिमा शोभा आरती सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हरित पखवाड़ा अभियान:शिक्षकों ने पौधे लगाकर दिखाई जिम्मेदारी

### शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक और पर्यावरण संरक्षण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका :बनवारी लाल सैनी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में राजमार्ग स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय परिसर में हरित पखवाड़ा अभियान के तहत राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की उपशाखा पावटा द्वारा संघन वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने कहा, शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक लक्ष्मीनारायण स्वामी ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राजवृक्ष अमलतास का पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की और स्थानीय विद्यालय के शिक्षकों की मौजूदगी में विभिन्न प्रजातियों के 150 पौधे लगाए। शिक्षकों ने कहा कि पौधों का रोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने की जिम्मेदारी है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने 16 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में 5 लाख पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया है। इस दौरान सुरेंद्र कुमार स्वामी, जयराम वर्मा, रामसिंह यादव, अनिल कुमार गुप्ता, रिछपाल बुनकर, खेमराज सैनी, रोहिताश यादव, भागचंद वर्मा, वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, कमलेश प्रजापत, दिलीप यादव और प्रहलाद यादव समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब दृष्टि ने की 3 बावड़ियों की सफाई,निखर उठा बावड़ियों का स्वरूप



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब दृष्टि ने संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा की अगुवाई में आज शहर की 3 बावड़ियों की सफाई की तो उनका स्वरूप निखर उठा। अब तक क्लब 10 बावड़ियों की सफाई कर चुका है। डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि क्लब ने इस प्रोजेक्ट को सिग्नेचर प्रोजेक्ट के रूप में हाथ में ले रखा है। यह प्रोजेक्ट वर्ष पर्यन्त चलेगा। आज शहर की 3 और बावड़ियों को साफ किया किया। जिसमें गुलाबबाग स्थित सगसजी मन्दिर परिसर स्थित बावड़ी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट न केवल स्वच्छता का संदेश देता है वरन् हमारी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की भी प्रेरणा देता है।

# उदयपुर जिला अग्रवाल महासभा कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर जिला अग्रवाल महासभा कार्यकारिणी की बैठक रविवार को होटल बाबूजी सुन्दरवास में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, जिला महासभा के संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री नरेशकुमार अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल सहित सभी जिला पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। महामंत्री द्वारा बैठक को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम भाग भगवान अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी द्वारा समाज हित में अपने अमूल्य सुझाव दिए गए। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य खेमचंद अग्रवाल भी उपस्थित रहे। सभी का मार्ग दर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। अधिक से अधिक समाज जनों को महासभा से जोड़ने का आव्हान किया। सभी को तन मन धन से जिला कार्यकारणी को सहयोग करने की अपील की।

# प्राचीन सीताराम मंदिर में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक आयोजित

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और आरती का आयोजन कर प्रसाद का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा के प्राचीन सीताराम मंदिर में श्रावण शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योगपति एवं समाजसेवी संतोष बंसल व उनकी धर्म पत्नी ममता देवी के नेतृत्व में लोक कल्याण की सहायतार्थ किया गया था। बड़ी संख्या में शिवभक्त और शिव उपासक इस अवसर पर उपस्थित हुए। पुजारी सत्यनारायण पाराशर ने बताया कि प्रागपुरा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल और उनके पिता संतोष बंसल के निर्देशन में शिव परिवार का महाभिषेक 108 प्रकार की वस्तुओं से किया गया। इनमें विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, विभिन्न तीर्थों के जल, विभिन्न प्रकार के धान्य, फलों के रस और सुगंधित द्रव्य शामिल थे। इसके अलावा, 1100 पार्थिव शिवलिंग और 12 पार्थिव ज्योतिर्लिंग का निर्माण करके भगवान एक लिंगेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुआ। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल ने बताया कि रुद्राभिषेक के पश्चात पंडित मनीष शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। इस अवसर पर देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन की मंगलकामना की गई। शाम को आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पंगत प्रसाद ग्रहण किया। इस



अवसर पर उद्योगपति संतोष बंसल व उनकी धर्म पत्नी ममता देवी, प्रागपुरा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल व उनकी धर्म पत्नी प्रियंका देवी, राजेश जयपुर व उनकी धर्म पत्नी अंकीता, प्रवीण बंसल, अरूण, प्रमोद बंसल, मंडल सहसंयोजक नरेश स्वामी, समाजसेवी नितिन बंसल, जितेन्द्र सिंह शेखावत, दिपक सैनी, निकिता, इशु, सलौनी, आर्यन, प्रिंस, परी, काव्या, भव्या समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# आरएमबी उदयपुर क्रिकेट कार्निवल सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आरएमबी उदयपुर क्रिकेट कार्निवल का सफल आयोजन किया गया। जिसमें चार टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। इनमें से पिचमास्टर्स टीम ने पुनीत घखरेजा के नेतृत्व में शानदार जीत हासिल की। इस आयोजन की जानकारी अध्यक्ष स्वाति माखीजा, सचिव आकांक्षा बिस्वास तथा उपाध्यक्ष डॉ. सुरभि गांधी द्वारा साझा की



गई। पूरा कार्यक्रम आरेम्बियन प्रतीक पाटनी, प्रखर सियाल, और अंकित गुप्ता के प्रबंधन में संपन्न हुआ, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आरएमबी उदयपुर एक रोटरी फेलोशिप ग्रुप है, जिसमें सदस्य आपस में व्यवसाय करते हैं और एक-दूसरे को व्यवसायिक सिफारिशें देते हैं। यह आयोजन फेलोशिप को और मजबूत करने की दिशा में एक सफल कदम रहा। मैच के समापन पर, 'रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर उद्यम' द्वारा विजता टीम और मैन ऑफ द मैच वूमन ऑफ द मैच को पुरस्कार वितरित किए गए। यह दिन खेल और सौहार्द्र के साथ दोस्ती और साझेदारी को गहराने का माध्यम बना।

# एआईएमआईएम ने साजिद अली देशवाली को सौंपी टोडारायसिंह विधानसभा की कमान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने साजिद अली देशवाली को टोडारायसिंह विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साजिद अली देशवाली आने वाले नगरपालिका टोडारायसिंह चुनाव की कमान संभालेंगे।

### टोडारायसिंह की आवाम में खुशी

टोडारायसिंह की आवाम ने साजिद अली देशवाली की नियुक्ति पर खुशी जताई है और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जमील अहमद साहब और टोंक जिला अध्यक्ष हारुन रशीद साहब का शुक्रिया अदा किया है।

### साजिद अली देशवाली की नियुक्ति

साजिद अली देशवाली की नियुक्ति से टोडारायसिंह विधानसभा में एआईएमआईएम को मजबूत करने और आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। साजिद अली देशवाली अपनी टीम के साथ मिलकर टोडारायसिंह के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे।

### राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष का बयान

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जमील अहमद साहब ने साजिद अली देशवाली की नियुक्ति पर कहा कि हमें उम्मीद है कि साजिद अली देशवाली टोडारायसिंह विधानसभा में एआईएमआईएम को मजबूत करेंगे और आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### टोंक जिला अध्यक्ष का बयान

टोंक जिला अध्यक्ष हारुन रशीद साहब ने कहा कि साजिद अली देशवाली की नियुक्ति से टोडारायसिंह विधानसभा में एआईएमआईएम को नई दिशा मिलेगी और हम आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# निवाई-पिपलू में एआईएमआईएम की सियासी एंट्री तेज़

## समीर मन्सुरी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया, नगरपालिका चुनाव की कमान भी सौंपी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/टोंक (का.स.)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने निवाई-पिपलू विधानसभा में अपनी सियासी पकड़ मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने समीर मन्सुरी को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें आगामी नगरपालिका चुनाव की पूरी ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### आवाम में उत्साह, नेतृत्व का जताया आभार

समीर मन्सुरी की नियुक्ति की खबर मिलते ही निवाई की स्थानीय जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने,ढ्ढस्ह्रू राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जमील अहमद और टोंक जिला अध्यक्ष हारुन रशीद का आभार जताया। उनका कहना है कि समीर मन्सुरी ज़मीनी नेता हैं और विकास के मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं।

### AIMIM को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश अध्यक्ष जमील अहमद ने बयान में कहा, हमें पूरा भरोसा है कि समीर मन्सुरी पार्टी को निवाई-पिपलू में मजबूती देंगे और आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे। टोंक जिला अध्यक्ष हारुन रशीद ने भी कहा, समीर मन्सुरी के अनुभव और प्रतिबद्धता से पार्टी को नई दिशा मिलेगी। हमारा लक्ष्य साफ है निवाई के लोगों को एक सशक्त विकल्प देना।

### टीम के साथ मैदान में उतरेंगे समीर मन्सुरी

बताया गया है कि समीर मन्सुरी जल्द ही अपनी टीम के साथ क्षेत्र में सक्रिय अभियान शुरू करेंगे। फोकस रहेगा स्थानीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर।

# जिला स्तरीय किसान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त के अंतरण के अवसर पर शनिवार को यहां के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में जिला स्तरीय किसान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। जिला स्तर के कार्यक्रम राष्ट्र स्तर पर वाराणसी में आयोजित एवं राज्य स्तर पर बांसवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाईव संबोधन को सुना और देखा। पीएम ने इस दौरान किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये कहा कि देश का अन्नदाता ही राष्ट्र की रीढ़ है। हमारी सरकार किसानों की आर्थिक सशक्तता और समग्र उन्नति के लिये निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान बांसवाड़ा से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी उद्बोधन वर्चुअल रूप में प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थी किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस योजना के तहत समय पर मिलने वाली राशि को किसानों की वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि योजना उनके लिए ना सिर्फ आर्थिक सहायता है, बल्कि खेती के प्रति उनका मनोबल भी बढ़ाती है। मौसमी अनिश्चितताओं और लागत वृद्धि के बीच यह रकम उन्हें बीज, खाद और सिंचाई जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

# नशा मुक्ति संकल्प हेतु ई-शपथ दिलवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, रोवर-रेंजर्स, एनसीसी कैडेट्स एवं नियमित विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति संकल्प हेतु ई-शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों को देश को नशा मुक्त करने के लिये मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने एवं समाज के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने का संदेश दिया।

# नवीन आपराधिक कानूनों (विधियों) को लेकर एसपी ने ली अनुसंधान अधिकारियों की बैठक

## विधियों के क्रियान्वयन के सम्बंध में विस्तार से दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** हाल ही में भारत सरकार द्वारा देश भर में लागू की गई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की नवीन आपराधिक विधियों (कानूनों) व प्रावधानों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कोटपूतली सीओ सर्किल के अनुसंधान अधिकारियों की बैठक ली। एसपी बिश्नोई ने सभी को नये कानूनों व उनके क्रियान्वयन के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही अनुसंधान अधिकारियों के प्रश्नों के जवाब देते हुये उन्हें कानूनों को लेकर विस्तार से समझाया। उन्होंने अनुसंधान में गुणवत्ता व तेजी लाने के निर्देश देते हुये विभिन्न मामलों की समीक्षा की। बैठक का आयोजन लम्बित प्रकरणों, समकालीन अपराध प्रवृत्तियों व नवीन आपराधिक गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा को लेकर आयोजित की गई थी। एसपी बिश्नोई ने अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार, तकनीकी साधनों के उपयोग, सीसीटीवी विश्लेषण, साईबर साक्ष्य के समुचित संकलन व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के सम्बंध में विशेष निर्देश भी दिये। एसपी ने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिये सिर्फ तत्काल कार्यवाही नहीं बल्कि मजबूत अनुसंधान व वैज्ञानिक साक्ष्य का संकलन जरूरी हैं। उन्होंने लम्बित मामलों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि अपराधियों को सजा दिलवाने के लिये जांच को समयबद्ध व सुसंगठित बनाना आवश्यक है। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे गंभीर अपराधों में स्वयं निगरानी रखते हुये तकनीकी विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग करें। एसपी ने अनुसंधान अधिकारियों से क्षेत्र में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी लेते हुये प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष, प्रमाणिक



व संवेदनशील जांच का संदेश देते हुये कहा कि पुलिस की जनता में भरोसेमंद व सशक्त छवि बने इसके लिये पारदर्शिता, अनुशासन व संवेदनशीलता को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनायें। कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने के लिये निरन्तर फिल्ड विजिट, रात्रि गश्त व सूचना संकलन की प्रक्रिया को मजबूत किया जाये। इस दौरान एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा, सरूण्ड एसएचओ बाबूलाल मीणा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह समेत कोटपूतली सीओ सर्किल के समस्त अनुसंधान अधिकारी मौजूद रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन और सम्मान समारोह जयपुर में सम्पन्न

## देशभर से 27 राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग, समाजसेवियों और पत्रकारों को किया गया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन का वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन और सम्मान समारोह जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के 27 राज्यों से आए संगठन के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन में मानवाधिकार और सामाजिक न्याय से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों एवं गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। संगठन ने देशभर से कार्यरत कई एनजीओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया, जिससे उनके मनोबल को और अधिक बल मिला। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए कार्य करने वाले संगठनों और व्यक्तियों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और भविष्य की दिशा तय कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

कार्यक्रम में कोटपूतली निवासी पत्रकार बिल्लूराम सैनी को पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं,उदय तोदवाल को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। इस भव्य आयोजन ने मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर एकता और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।राष्ट्रीय महिला विग अध्यक्ष व प्रभारी चमन कंवर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चिरंजीलाल सैनी,प्रदेश महामंत्री महिला विग विमला सैनी,कमला सैनी,उमा कुमावत, बहादुर मल सैनी कई सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अहिंसा फेस्टिवल में सम्मानित हुए रामावतार महेश्वरी और बनवारीलाल विजय





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में आयोजित अहिंसा फेस्टिवल के अवसर पर परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर. के. अग्रवाल को अहिंसा सम्मान,श्री रामावतार महेश्वरी को प्रदान किया गया।

इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष श्री श्याम विजय का सम्मान पत्र श्री बनवारीलाल विजय को प्रदान किया गया। कार्यक्रम आयोजकों के अनुसार, अग्रवाल जी एवं श्याम जी दोनों ही श्री किन्हीं कारणोंवश कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, जिसके चलते उनका सम्मान प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया।

# रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से श्रमदान और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-23 प्रताप नगर जयपुर द्वारा 3 अगस्त 2025 (रविवार) को प्रातः 8.00 बजे 233 पीपल वाला पार्क में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से श्रमदान और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष श्री सूर्य प्रकाश चौहान के नेतृत्व में हुई। सदस्यों ने मिलकर पार्क की सफाई की, जिसमें मिट्टी हटाना, सूखी घास एवं फूस निकालना, पेड़ों की छंटाई आदि कार्य किए गए। इसके पश्चात मां



के नाम एक पौधा अभियान के तहत सभी सदस्यों ने अपनी माता के नाम पर एक-एक पौधा रोपित किया। कार्यक्रम के दौरान चाय का भी दौर चलता रहा, जिससे सहभागियों में उत्साह बना रहा। समापन अवसर पर पदमचंद जैन, शैलेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र गॉड, नवल गुप्ता, बनवारीलाल विजय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह आयोजन हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ।

# कोटपूतली में सफाई व्यवस्था चरमराई, 84 लाख रुपये महीना खर्च फिर भी हर गली-मोहल्ले में कचरे के ढेर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** शहर इन दिनों सफाई व्यवस्था की भारी बदहाली से जूझ रहा है। नगर परिषद क्षेत्र की सड़कों, गली-मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे न सिर्फ स्थानीय नागरिकों को असुविधा हो रही है बल्कि गंभीर स्वास्थ्य संकट भी मंडरा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद कोटपूतली सफाई व्यवस्था के लिए प्रतिमाह 84 लाख रुपये का ठेका दे रही है, बावजूद इसके शहर में सफाई के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। श्री बालाजी केयर टेकर नामक कंपनी पिछले पाँच वर्षों से लगातार सफाई का ठेका लिए हुए है, लेकिन काम में कोई सुधार नहीं दिख रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी सिर्फ कागज़ों में सफाई करती है जबकि ज़मीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। शहर के वार्डों में कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा, नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई और कचरा पात्र ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल रहा है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा गहराता जा रहा है।



इस पूरे मामले में नगर परिषद आयुक्त की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। जनप्रतिनिधियों और नागरिक संगठनों का आरोप है कि आयुक्त की ओर से न तो ठेका कंपनी पर कोई सख्त कार्रवाई की जा रही है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उल्टे श्री बालाजी केयर टेकर को बार-बार ठेका देकर लापरवाही और उदासीनता को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर परिषद से जुड़े एक पूर्व पार्षद ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ठेका प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। स्थानीय समाजसेवियों ने भी इस मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। जनहित में सवाल यह है कि जब हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, तो शहर की सूरत सुधरने की बजाय बदतर क्यों होती जा रही है? और क्या नगर परिषद एवं संबंधित जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं?

शहरवासियों की अब प्रशासन से एक ही मांग है गंदगी मुक्त, स्वच्छ और स्वस्थ कोटपूतली। इसके लिए समय रहते ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी है।

# गणित गुरु रत्न सम्मान-2025 का भव्य हुआ आयोजन



**जयपुर (का.स.)।** आर आई सी सेंटर झालाना में रविवार को गणित गुरु रत्न सम्मान-2025 समारोह का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें देशभर के अबेकस एवं वैदिक गणित शिक्षकों को शिक्षा संस्था द्वारा गणित गुरु रत्न सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया। शिक्षा संस्था के संस्थापक कार्यक्रम आयोजक राकेश गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उन शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है, जिन्होंने गणित की शिक्षा को रोचक, सुलभ और नवाचारी तरीकों से हजारों बच्चों तक पहुँचाया है। कार्यक्रम की थीम संख्याओं के जादूगरों का सम्मान रही। आज देशभर से चयनित अबेकस एवं वैदिक गणित विशेषज्ञ शिक्षकों को विशेष सम्मान प्रदान किया है । आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिवानी सिंह , अनु गुप्ता, आंचल पुरी, अनिल अरोड़ा सह संपादक डायरेक्टर चेतन एडवर (दिल्ली) किशोर एवं गणित गुरु रत्न सम्मान का परिवार मनीषा कंवर, शक्ति सिंह राजावत, हनुमान सिंह राजावत, गोवर्धन सिंह राजावत सहित अन्य गणमान्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, गणित प्रशिक्षकों, शिक्षा संस्थानों एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस सफल आयोजन में स्कूल शिक्षा सदस्यों का सहयोग रहा।

## बाइक सांड से टकराई

# हादसे में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक अभियंता की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौलतपुरा थाना इलाके के जयपुर-दिल्ली हाईवे पर रविवार की दोपहर को हार्ले डेविडसन बाइक सांड से टकरा गई। इस हादसे में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक अभियंता (एसई) अविनाश शर्मा (57) की मौत हो गई।

सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अशोक चौहान ने बताया कि एसई अविनाश शर्मा बापू नगर गांधीनगर के रहने वाले थे और अधीक्षक अभियंता (सिटी सर्किल) जयपुर के पद पर कार्यरत थे। जो ऊर्जा सचिव (आईएएस) अजिताभ शर्मा के भाई थे। वह रविवार दोपहर दिल्ली की ओर से हार्ले डेविडसन बाइक पर अपने घर लौट रहे थे।

इस दौरान उनकी बाइक हाईवे पर आए सांड से टकराई थी। सांड के पिछले पैर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक हाईवे से नीचे उतरकर गिर गई थी। बाइक सहित जमीन पर गिरने से झटका लगने से हेलमेट भी निकल गया। सिर पर चोट लगने से गंभीर घायल हो गए। वहीं बाइक टकराने से घायल सांड भी हाईवे किनारे बैठा हुआ मिला है,जिसका एक पैर टूट मिला।

हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जिन्हे गंभीर हालत में एंबुलेंस से तुरंत कांवटिया अस्पताल भिजवाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हे एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की धमकी बेअसर... अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा....!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की चेतावनी के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दो भारतीय सरकारी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि भारत और रूस के बीच तेल के लिए लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट हैं। एक सूत्र ने कहा, इन कॉन्ट्रैक्ट को रातोंरात तोड़ा नहीं जा सकता। भारत ने साफ कर दिया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित और बाजार की स्थिति पर आधारित है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेल खरीद का फैसला वैश्विक बाजार में उपलब्धता, कीमतों और देश की जरूरतों को देखकर लिया जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम बाजार में क्या उपलब्ध है, क्या ऑफर है और वैश्विक स्थिति क्या है, इसे देखते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और रूस के बीच 'स्थिर और समय-आजमाया' रिश्ता है, जिसे किसी तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए।

अमेरिका ने भारत के रूस के साथ बढ़ते रिश्तों, खासकर ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में, को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि भारत शायद रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा, जिसे उन्होंने 'अच्छा कदम' बताया। लेकिन भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को साफ किया कि ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। ट्रंप ने कहा, मुझे सुनने में आया है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मुझे नहीं पता यह सही है या नहीं, लेकिन अगर ऐसा है तो यह अच्छा कदम होगा।

अमेरिका ने 1 अगस्त से भारत से आयात होने वाले सभी सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसके अलावा, ट्रंप ने जुलाई में धमकी दी थी कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच पूरी तरह शांति समझौता नहीं हुआ तो रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रूथ सोशल पर भारत की रूस के साथ आर्थिक साझेदारी की आलोचना करते हुए कहा, मुझे परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी कमजोर अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं। उन्होंने भारत के हाई टैरिफ की भी शिकायत की और कहा कि इस वजह से अमेरिका का भारत के साथ कारोबार बहुत कम है।

रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जो भारत के कुल तेल आयात का करीब 35 फीसदी हिस्सा पूरा करता है। रॉयटर्स के मुताबिक, जनवरी से जून 2025 तक भारत ने रूस से हर दिन औसतन 17.5 लाख बैरल तेल आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। भारत के अन्य प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता देशों में इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी भारत के रूस से तेल खरीदने पर चिंता जताई है। फॉक्स रेडियो पर गुरुवार को उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अमेरिका-भारत रिश्तों में 'निश्चित रूप से एक परेशानी' है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मित्र देशों के बीच कुछ विदेश नीति के मसलों पर असहमति होना सामान्य है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 4 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- केस्सिओपिया में सुपरनोवा 1181 में देखा गया।
- एवेशम की लड़ाई में ब्रिटेन के प्रिंस एडवर्ड ने 1265 में साइमन डी मोंटफोर्ट को हराया।
- जोहान मॉरिशस डच 1636 में ब्राजील के गवर्नर बनाये गये।
- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच 1666 में समुद्री लड़ाई हुई।
- सिस्टोवा समझौते के बाद ऑटोमन और हब्सबर्ग के बीच 1791 मेंयुद्ध की समाप्ति हुई।
- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 1870 में हुई।
- कोलंबिया ने 1886 में संविधान अंगीकार किया।
- प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने 1914 में बेल्जियम और ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने 1915 में वारसॉ पर क़ब्ज़ा कर लिया।
- यूरोपीय देश बेल्जियम में 1930 को बाल मजदूर कानून बनाया गया।
- भारत शासन अधिनियम 1935 को महारानी की स्वीकृति मिली।
- जापान में सुप्रीमकोर्ट की स्थापना 1947 में की गई।
- पाकिस्तानी सरकार ने 1954 में हफीज़ जालंधरी द्वारा लिखे गए गीत 'पाक सरज़मीन' को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
- भारत का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' में 1956 को शुरू हुआ।
- दक्षिणी चीन में 1964 को टोनकन खाड़ी में अमरीका और वियतनाम की युद्ध के दौरान अमरीका को पराजय हुई। अमरीका ने इसी बहाने उत्तरी वियतनाम के साथ युद्ध आरंभ कर दिया।
- विश्व के सबसे लम्बे नागार्जुन सागर बांध का निर्माण 1967 में हुआ।
- अमेरीका ने 1967 को नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- मोहम्मद ख़ातेमी 1997 में ईरान के राष्ट्रपति बने।
- चीन ने 1999 में अमेरिकी सेना के विमानों की नियमित उड़ानों को हांगकांग में उतरने की अनुमति देने से इंकार किया।
- रूस व उत्तरी कोरिया में 2001 को सामरिक समझौता हुआ।
- 'नासा' ने 2004 में एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को 'कल्पना चावला' नाम दिया।
- नासा ने 2007 में मंगल ग्रह की खोज के लिए फ़ीनिक्स मार्स लैंडर नामक एक अमरीकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया गया।
- सरकार ने 2008 में भारतीय जहाजरानी निगम (एससीआई) को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया।

### अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- मेवाड़ के शासक और महाराणा प्रताप के पिता राणा उदयसिंह का जन्म 1522 ई. को हुआ था।
- संगीतज्ञ लुईस लुली का जन्म 4 अगस्त 1664 को हुआ था।
- भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध मराठा वीर सदाशिवराव भाऊ का जन्म 4 अगस्त 1730 ई. को हुआ था।
- ब्रिटेन के प्रख्यात कवि परसी बीश शेली का जन्म 1792 को हुआ।
- आयरलैंड के गणितज्ञ विलियम रोवन हैमिल्टन का जन्म 1805 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# नौकरी लगते ही पतियों को छोड़ रही हैं आधुनिक औरतें

**विवाह अब त्याग और समर्पण की बजाय स्वार्थ और स्वतंत्रता की शरण में चला गया है। अनेक मामले सामने आ रहे हैं जहाँ पति ने पत्नी को पढ़ाया, नौकरी लगवाई, पर जैसे ही वह आत्मनिर्भर हुई, पति को ठुकरा दिया। यह आधुनिक सोच रिश्तों को तोड़ रही है। शिक्षा और कानून महिलाओं को अधिकार तो दे रहे हैं, पर जिम्मेदारी से दूर कर रहे हैं। सशक्तिकरण तब तक अधूरा है जब तक वह रिश्तों का सम्मान न सिखाए। समाज को अब ऐसे स्वार्थी दृष्टिकोण के विरुद्ध आवाज़ उठानी चाहिए जो परिवार को तोड़ने का कारण बन रहा है।**



-डॉ. प्रियंका सौरभ

एक समय था जब पति-पत्नी का रिश्ता त्याग, प्रेम और परस्पर समर्पण का प्रतीक होता था। विवाह सिर्फ सामाजिक अनुबंध नहीं, एक गहरी भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा मानी जाती थी। लेकिन आज की आधुनिकता, शिक्षा और तथाकथित अधिकार चेतना ने इस पवित्र रिश्ते को भी स्वार्थ की भट्ठी में झोंक दिया है। आज देश में तेजी से बढ़ते ऐसे मामलों पर चिंता ज़ाहिर हो रही है जहाँ एक पति सालों मेहनत करके, मजदूरी करके अपनी पत्नी को पढ़ाता है, उसके सपनों को पंख देता है, और जैसे ही उसकी सरकारी नौकरी लगती है — वह उसी पति से कहती है- आप कौन जी?

यह सवाल अकेले एक पुरुष से नहीं पूछा जा रहा, यह सवाल उस समूचे त्याग से पूछा जा रहा है, जो एक रिश्ते को निभाने में लगाया गया था। यह सवाल उस व्यवस्था पर भी है, जिसने शिक्षा को अधिकार तो दिया, मगर ज़िम्मेदारी नहीं सिखाई। यह सवाल कानून से भी है, जिसने स्त्री को संरक्षण तो दिया, पर रिश्तों को निभाने की नैतिकता सिखाने का प्रयास नहीं किया।

आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ एक और विचारधारा ने समाज में गहराई से जड़ें जमा ली हैं — खुद को पहले रखो, रिश्ते बोझ हैं, स्वतंत्रता का अर्थ है किसी भी बंधन से मुक्त होना। यह सोच, विशेषकर महिलाओं को यह सिखा रही है कि विवाह, पति, परिवार केवल एक सामाजिक औपचारिकता हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर त्यागा जा सकता है। और जब शिक्षा, कानून और समाज का एक वर्ग इस सोच को बढ़ावा देता है, तो परिणाम होता है — घर टूटते हैं, विश्वास बिखरता है और पुरुषों का त्याग मज़ाक बन जाता है।

एक गरीब पति जिसने ईंटें ढोकर, दिहाड़ी लगाकर अपनी पत्नी को पढ़ाया, उसका फॉर्म भरा, उसकी फीस दी, परीक्षा केंद्र तक छोड़ा, उसके चयन के बाद मिठाई बांटी — वही पति जब दरवाज़े पर खड़ा होता है तो पत्नी कहती है — अब आपकी कोई ज़रूरत नहीं रही। यह वाक्य सिर्फ शब्द नहीं, यह उस संघर्ष की मौत है जिसमें रिश्ते सांस लेते थे। यह आधुनिकता का वह चेहरा है, जो चमकता तो है, पर भीतर से खोखला है।

बिना किसी कारण, बिना किसी उत्पीड़न के यदि कोई पत्नी केवल नौकरी लगने के बाद पति को अस्वीकार कर दे, तो यह न सशक्तिकरण है, न स्वतंत्रता — यह एक सामाजिक अपराध है। यह उन मूल्यों की हत्या है जो भारतीय समाज की नींव हैं। यहाँ यह स्पष्ट करना ज़रूरी है कि हम उन स्त्रियों की बात नहीं कर रहे जो वाकई उत्पीड़न झेलती हैं, शोषित होती हैं या जिन्हें बचाव की आवश्यकता है। बात उन मामलों की हो रही है जहाँ कानून और अधिकारों का दुरुपयोग करके एक पत्नी अपने पति को केवल इसलिए छोड़ देती है क्योंकि अब वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गई है।

कानून ने महिलाओं को जो संरक्षण दिया है, वह आवश्यक है और होना भी चाहिए, लेकिन वह संरक्षण तभी तक पवित्र है जब तक उसका उपयोग हो, दुरुपयोग नहीं। आज समाज में ऐसी घटनाओं की संख्या बढ़ रही है जहाँ महिलाओं ने झूठे आरोप लगाकर न केवल अपने पतियों को, बल्कि उनके परिवारों को भी जेल भिजवा दिया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और आर्थिक रूप से तबाह कर दिया। क्या यही है नवीन भारत का पारिवारिक चेहरा?

जब एक लड़की कहती है, अब मैं कमाती हूं, मुझे किसी की जरूरत नहीं, तो यह स्वतंत्रता नहीं, आत्ममुग्धता है। क्या आत्मनिर्भरता का अर्थ यह है कि रिश्तों को छोड़ दिया जाए? क्या नौकरी लगते ही प्रेम और त्याग की कीमत शून्य हो जाती है? क्यों नहीं यह समझाया जाता कि सशक्त स्त्री वह है जो अपनी उड़ान में भी अपने घोंसले को संजोकर रखे, न कि उड़ते ही उसे जला दे?

शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि सोच में परिपक्वता लाना है। दुर्भाग्यवश आज की पढ़ाई ने यह परिपक्वता नहीं दी, बल्कि कई मामलों में आत्मकेंद्रित सोच को जन्म दिया है। आत्मनिर्भरता अगर स्वार्थ में बदल जाए, तो वह समाज के लिए एक खतरा बन जाती है। पढ़ाई के बाद यदि स्त्री अपने रिश्तों से पलायन करती है, तो यह प्रश्नचिन्ह है उस शिक्षा पर, उस सोच पर, और उस कानून पर जो उसे यह करने की छूट देते हैं।

कई बार जब पत्नी पति को छोड़ती है, तब समाज चुप रहता है। महिलाएं इसे अपना अधिकार मानती हैं, और पुरुषों के पास बोलने तक की जगह नहीं होती। अगर कोई पति यह कह दे कि मैंने उसे पढ़ाया, बढ़ाया, उसका करियर बनाया, तो उसे कहा जाता है कि उसने तुम्हारे ऊपर कोई एहसान नहीं किया, वह अब स्वतंत्र है। लेकिन जब कोई स्त्री अपने पति के बलिदान से आगे बढ़ती है, तो क्या उस त्याग की कोई कीमत नहीं होती? क्या उसकी कोई भावनात्मक मान्यता नहीं?

यह मानसिकता अब अदालतों तक पहुँच चुकी है। न्यायालयों में ऐसे हजारों केस लंबित हैं जहाँ पुरुष अपने वैवाहिक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं, अपने बच्चों से मिलने के लिए तरस रहे हैं, और वर्षों तक एक ऐसे रिश्ते का बोझ ढो रहे हैं जो केवल कागज पर बचा है। वे न तलाक ले सकते हैं, न नया जीवन शुरू कर सकते हैं, और न ही समाज उनकी पीड़ा समझता है।

# अमेरिका का टैरिफ दबाव नहीं सहेगा इंडिया !



सुनील कुमार महला

**टैरिफ मैन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25प्रतिशत टैरिफ की घोषणा के बाद इसे 7 दिन के लिए टाल दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार ये 1 अगस्त 2025 से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त 2025 से लागू होगा। पाठकों को बताता चलूं कि ट्रम्प ने हाल ही में यानी कि 31 जुलाई 2025 को ही भारत पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी तथा अभी तक अमेरिका भारत पर 10प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ लगा रहा था। हैरानी की बात है कि अमेरिका ने यहां तक कहा है कि वो भारत के रूस से हथियार और तेल खरीदने पर जुर्माना भी लगाएगा, लेकिन भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इसके प्रतिउत्तर में यह बात कही है कि वह ट्रंप की टैरिफ की इस घोषणा के प्रभावों को देखते हुए और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी व आवश्यक कदम उठाएंगे।**

पाठकों को बताता चलूं कि ट्रंप का भारत पर यह टैरिफ स्टील, एल्यूमीनियम, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल,यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की एक सूची जारी की है। इसमें भारत पर 25प्रतिशत और पाकिस्तान पर 19प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, अमेरिकी देश कनाडा पर 1 अगस्त 2025 से ही 35त्न टैरिफ लागू हो गया है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। गौरतलब है कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29प्रतिशत टैरिफ लगा रखा था। वहीं, दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41प्रतिशत टैरिफ सीरिया,लाओस और म्यांमार पर 40 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 39 प्रतिशत, तथा इराक़ और सर्बिया पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। जानकारी के अनुसार इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल 2025 को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था और कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था।यह बात अलग है कि अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया है। यहां पर यदि हम एशियाई देशों की बात करें तो इनमें क्रमश: चीन पर 30 प्रतिशत, भारत और कजाकिस्तान पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 20 प्रतिशत, थाइलैंड और आस्ट्रेलिया पर 19 प्रतिशत तथा इराक,तुर्किए, जापान तथा दक्षिण कोरिया पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। यूरोपीय देशों में यूरोपीय यूनियन, स्विट्जरलैंड और नार्वे पर 15 प्रतिशत तथा ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। बहुत बड़ी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी देशों कनाडा, ब्राजील,गयाना, मेक्सिको, कोलंबिया और अर्जेंटीना तक को भी नहीं बख्शा है। अफ्रीकी देशों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें लीबिया, साउथ अफ्रीका, और अल्जीरिया पर 30 प्रतिशत तथा मेडागास्कर पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। बहरहाल, यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर अमेरिका ने भारत पर इतना बड़ा टैरिफ क्यों लगाया है ? तो इसकी अनेक वजहें हैं। पहला तो यह कि अमेरिका यह चाहता है कि भारत उसके डेयरी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। लेकिन जैसा कि अमेरिका के डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम का इस्तेमाल होता है। इसलिए भारत को धार्मिक-सामाजिक वजहों से इसे लेकर आपत्ति है।दूसरी बड़ी वजह भारत की ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी पर असहमति है।भारत अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ पर असहमत है।भारत स्टील, एल्यूमीनियम, और ऑटो पार्ट्स पर पहले से लागू अमेरिकी टैरिफ में भी छूट दिए जाने की मांग कर रहा है। इतना ही नहीं,भारत यह चाहता है कि उसके कपड़ा, गहने, चमड़ा और प्लास्टिक इंडस्ट्री को अमेरिकी मार्केट में ज्यादा से ज्यादा स्थान मिले।एक अन्य कारण यह भी है कि भारत अपने आर्थिक हितों को लेकर काफी सजग और सतर्क है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव
(एडिशनल डीजी आर्म्ड बटालियन, जयपुर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं पुलिस के शानदार आईपीएस अधिकारी श्री आनन्द कुमार श्रीवास्वत। आजकल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आ र्ड बटालियन, राजस्थान जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। 13मई सन1967 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्में आनन्द श्रीवास्तव शुरू से ही कुछ कर गुजरने का इरादा लिए अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाते रहे।

एम.ए (राजनीति विज्ञान)में पढ़ाई के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए और कई शानदार पदों पर रहते हुए क्राईम कंट्रोल किया। ये लम्बे समय पुलिस आयुक्त जयपुर बने रहे। आज अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आ र्ड बटालियन, राजस्थान जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पहले अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, राजस्थान जयपुर रहे। पुलिस आयुक्त, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज कोटा। महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेन्ज, उदयपुर।

महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज, भरतपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज,भरतपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक, एटीएस जयपुर। पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण जयपुर। पुलिस अधीक्षक, अजमेर। पुलिस अधीक्षक, भरतपुर। पुलिस अधीक्षक, जयपुर उत्तर। सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रथम जयपुर। पुलिस अधीक्षक, बारां। पुलिस अधीक्षक, जयपुर शहर मुख्यालय। सहायक पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण रहे। 26.जनवरी सन 2011 को इन्हे पुलिस पदक से नवाजा गया। शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में राजस्थान की जनता इन्हे आदर देती हैं। अपनी पुलिस टीम का हौसला बढ़ाए रखने और अच्छे कार्यो के लिए उनकी पीठ थपथपाए रखने की उनकी ये कला पुलिस कर्मियों के लिए ऊर्जा का कार्य करती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

*-रूपक शर्मा*

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 1 | | |
| | | | 9 | 4 | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | 7 | | | | | |
| 2 | 5 | 8 | | | | | | |
| | | 6 | 1 | | 3 | | | |
| | | | | 1 | | 5 | | 8 |
| | | | | | 5 | | | |
| 6 | | | | | 8 | | | 2 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अधिकारियों की मदद से आप प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकेंगे।

**वृष**
तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। समाज में मान भंग होने की भी संभावना है।

**मिथुन**
तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ आनंद के पल बिता सकते हैं।

**कर्क**
आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आपको मानसिक खुशी का अनुभव होगा।

**सिंह**
आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। भागीदारी से लाभ होगा। सहोदरों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा।

**कन्या**
आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है। उनके साथ संबंध बेहतर होंगे।

**तुला**
साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आपके परिश्रम का उचित फल मिलता हुआ प्रतीत होगा। संतान से भी अच्छा समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक**
आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

**धनु**
आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। आपको इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि आप कहीं गलत प्रलोभनों में न फंस जाएं।

**मकर**
आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। गलत खर्च और आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।

**कुंभ**
आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। निर्धारित किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन**
आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे। सहोदरों एवं बुजुर्गों से लाभ होगा।

# नदी में डूबते मासूमों को बचाकर खुद बह गया बुजुर्ग

## नहाते समय नदी में बहने लगे थे 2 बच्चे, बचाने वाला डूबा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले के बनेठा क्षेत्र के मंडावर गांव के पास से बह रही बनास नदी में रविवार को 2 बच्चों को बचाते समय 1 बुजुर्ग पानी में बह गया। इसका पता लगने के बाद पुलिस, पटवारी और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। करीब 9 घंटे बाद भी शाम 6 बजे तक उसका कई पता नहीं लगा है। एसडीआरएफ टीम के कमांडर राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे से वृद्ध की तलाश बनास नदी में कर रहे है।

### नहाने समय गहरे पानी में चले गए थे बच्चे

पटवारी भगवान सहाय गुर्जर ने बताया कि बरोनी थाना क्षेत्र से बह रही बनास नदी किनारे रविवार सुबह करीब 9 बजे वहां पास के मुख्यार नगर (कीरों की ढाणी) निवासी सुनीता (11) पुत्री मुकेश कीर और विक्रम (10) पुत्र रामवतार कीर हवा से भरे हुए ट्यूब की मदद से बनास नदी में किनारे पर नहा रहे थे। इस दौरान नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और पानी के बहाव में बहने लगे। फिर दोनों बच्चे बचाने के लिए चिल्लाए।

### दोनों बच्चों को तो बचाया, खुद बह गया

इनकी आवाज सुनकर वही से नहाकर घर लौट रहे इसी गांव के वृद्ध 65 बालूराम कीर पुत्र कस्तूरा कीर पीछे मुड़कर देखा तो दोनों बच्चे बहते नजर आए। फिर बालूराम ने दौड़कर नदी में छलांग लगाई और दोनों बच्चों को बचाकर किनारे की ओर कर दिया, लेकिन खुद पानी में बह गया। बाद में दोनों बच्चों ने भागकर वृद्ध के डूबने की बात परिजनों को बताई। फिर गांव वाले दौड़े बनास नदी किनारे आए। वृद्ध कही भी नजर नहीं आया तो पुलिस को सूचना दी।

# किलेश्वर महादेव का नगर भ्रमण एवं कांवड़ यात्रा आज, शाही लवाजमा होगा साथ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्री किलेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में सोमवार को भगवान किलेश्वर महादेव का भव्य नगर भ्रमण एवं कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सुबह 8 बजे श्रीराधा दामोदर मंदिर से नगर भ्रमण एवं कांवड़ यात्रा भगवान श्री राधा दामोदर जी की पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी। नगर भ्रमण कांवड़ यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए रक्तांचल पर्वत स्थित श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां पर कांवड़िए भगवान भोले का जलाभिषेक करेंगे।

# भूखण्डों की ई-नीलामी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** नगर विकास न्यास, सवाई माधोपुर द्वारा आमजन के लिए व्यवसायिक भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। विवेकानंद मार्केट योजना के अंतर्गत विकसित भूखण्डों की ई-नीलामी प्रक्रिया 1 अगस्त से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ हो चुकी है। यह योजना कलेक्ट्रेट के पास, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पीछे, प्राइम लोकेशन में स्थित है।इस योजना में दो प्रकार के भूखण्ड उपलब्ध हैं—72.00 वर्गमीटर आकार के 2 भूखण्ड एवं 40.50 वर्गमीटर आकार के 8 भूखण्ड। सभी भूखण्ड कन्वर्टेड, कमर्शियल उपयोग हेतु स्वीकृत एवं पट्टे सहित हैं। न्यूनतम बोली 60,000/- रखी गई है।भूखण्ड स्थल विवेकानंद मार्केट, आकाशवाणी के समीप, गौतम कॉलोनी रोड, सवाई माधोपुर में स्थित है। यह अंतिम अवसर है, जब आमजन योजना के अंतर्गत भूखण्ड प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक नगर विकास न्यास कार्यालय, सवाई माधोपुर में भी संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### भाजपा का कार्यकर्ता द्वारा विकसित निवाई-पीपलू संकल्प दिवस

# विधायक रामसहाय वर्मा के जन्म दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम,

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी में निवाई व पीपलू भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 7 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा व नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि गुरूवार को निवाई व पीपलू भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें विधायक रामसहाय वर्मा के जन्मदिवस को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कोथून, गुंसी, मूण्डिया, बाईपास तिराहा, अलियाबाद मोड, वनस्थली मोड, जमात, झिलाय रोड व फल एवं सब्जी मंडी सहित कई स्थानों पर विधायक रामसहाय वर्मा का राजस्थानी परम्परानुसार साफा व माला पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया जाएगा। अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज लांगडी व डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी ने बताया कि समारोह से पूर्व नगरपालिका में पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं पंचायत समिति में प्रधान रामअवतार लांगडी व अहिंसा सर्किल पर शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा के नेतृत्व में शहर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक रामसहाय वर्मा का फलों से तोलकर स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह को लेकर कृषि उपज मंडी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम, चिकित्सा टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारीगण, पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि, वर्तमान व पूर्व जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य, नगरपालिका के पार्षदगण, वर्तमान व पूर्व सरपंच व सभी मंडल अध्यक्षों सहित भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता समारोह में भाग लेंगे।

### कमल कोच के बाहर खड़े तीन ट्रोलों से लोहे के भत्ते व एक दुकान से नकदी चोरी के आरोप में एक बालक को किया निरुद्ध

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने वनस्थली मोड स्थित रीको एरिया में कमल कोच के बाहर खड़े तीन ट्रोलों से लोहे के भत्ते व एक दुकान से नकदी चोरी के आरोप में एक बालक को निरुद्ध किया गया है। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को भी जप्त कर लिया गया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि थाने में मामला दर्ज हुआ था कि वनस्थली मोड पर स्थित रिको एरिया में कमल कोच कंपनी के बाहर तीन ट्रोले खड़े थे। आरोपियों ने तीनों ट्रोलों से 11 लोहे के भत्ते चुरा लिए। इसी प्रकार एक दुकान का ताला तोडक़र उसके गले में से रखी हुई नकदी भी चोरी कर ले गए।

## गंगापुर सिटी में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

# योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं - कानाराम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को गंगापुर सिटी पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए तथा फ्लैगशिप योजनाओं की मॉनिटरिंग में कोई कोताही न हो।

जिला कलक्टर ने 'आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम' की जून-सितंबर तिमाही रैंकिंग में गंगापुर सिटी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर बनाए रखने के लिए सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का 5 दिन में समाधान सुनिश्चित करने तथा औसत निस्तारण समय व संतुष्टि स्तर के आधार पर विश्लेषण कर जनसुविधा बढ़ाने पर जोर दिया गया।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं नगर परिषद को प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शिक्षा, आईसीडीएस, पीएचईडी एवं पंचायती राज विभाग को आपसी समन्वय से सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में फंक्शनल टॉयलेट और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही नगर परिषद आयुक्त विजेंद्र मीना को शहरी क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। वर्षा ऋतु में संभावित आपात स्थितियों के मद्देनजर जल संसाधन विभाग को बांधों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और पर्याप्त संख्या में मिट्टी भरे कट्टों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान पेयजल विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की अविलंब मरम्मत करवाई जाए। साथ ही लंबित पेयजल कनेक्शनों को शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए।

विद्यालयों में बालिकाओं हेतु पृथक शौचालय की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यकतानुसार सूची तैयार करने के निर्देश ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक तथा विकास अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद आपस में समन्वय स्थापित कर लंबित पेंशन प्रकरणों का अविलंब सत्यापन करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री कार्यालय, जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल व रात्रि चौपालों से प्राप्त परिवादों का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने की बात कही और आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना को दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना, वजीरपुर एसडीएम सुधा रानी, विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य, तहसीलदार बृजेश सिहरा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारिश से प्रभावित इलाकों में नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान, खाद्य सामग्री भी बांटी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर शहरी क्षेत्र में अत्यधिक बारिश के कारण पुराने शहर में रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण कई मकानों में पानी भरने से उनके रहने, खाने इत्यादि की व्यवस्था खराब हो गई है। नगरपरिषद द्वारा प्रभावित व्यक्तियों को पूर्ण रूप से सहयोग किया जा रहा है, ताकि प्रभावित व्यक्तियों की परेशानी कम की जा सके। आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना एवं जिला कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित व्यक्तियों को मूलभूत सुविधा प्रदान करते हुए उनक लिए पेयजल, भोजन एवं साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था नगरपरिषद द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। शहर क्षेत्र के अंसारी मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला, रैगर मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला इत्यादि में स्थानीय पार्षद एवं आमजन की मांग अनुसार भोजन के पैकेट नियमित रूप से सुबह-शाम उपलब्ध कराए जा रहे है। रविवार को भी लगभग 800 से 1000 पैकेट सुबह और शाम इन वार्डों/कॉलोनी में श्री अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से वितरित किए गए। साथ ही पेयजल हेतु पानी टेंकर भी भिजवाएं जा रहे है। प्रभावित क्षेत्र में साफ-सफाई हेतु सफाई निरीक्षक एवं सफाईकर्मियों की अलग-अलग टीम बनाकर सफाई का कार्य करवाया जा रहा है।

### सफाई शाखा से जुड़े कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर चलाया सफाई अभियान

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि अत्यधिक वर्षा से घरों में पानी भर जाने से मौसमी बीमारियों के फैलने की अंदेशा रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी प्रभावित इलाकों में जेसीबी एवं ट्रैक्टरों के माध्यम अंसारी मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला एवं गुरुद्वारे के पास युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। इसके लिए सफाई शाखा से जुड़े सभी कर्मचारियों को रविवार के दिन की छुट्टी निरस्त कर विशेष टीम बनाकर उन्हें प्रभावित इलाकों में नियुक्त किया गया और सफाई कार्य को दुरस्त किया गया। आयुक्त ने बताया कि प्रभावित इलाकों में नगर परिषद के द्वारा हर संभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गणपतलाल मीणा बने श्री ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष,

## नवीन कार्यकारणी का किया सम्मान, पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित श्री ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन कार्यालय पर चुनाव अधिकारी पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव के सानिध्य में ट्रक यूनियन के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर गणपतलाल मीणा को नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष गणपतलाल मीणा ने सर्वसम्मति से यूनियन की नवीन कार्यकारणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक के पद पर रामनिवास यादव, उपाध्यक्ष राजाराम जाट भांवती, कोषाध्यक्ष ऐजाद खान, महामंत्री प्रेमप्रकाश मीणा, संगठन मंत्री पप्पूलाल जाट, कार्यालय मंत्री ईशहाक शाह को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार यूनियन के सदस्य के रूप में बजरंगड्क्षह राजावत, बनालाल बैरवा, निजाम लुहार, भंवरलाल गुर्जर को मनोनीत किया गया। इस दौरान चुनावधिकारी भंवरलाल यादव ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं नवीन कार्यकारणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस दौरान उन्होंने नवीन कार्यकरणी को ईमानदारी एवं सदभावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष मीणा सहित समस्त कार्यकारणी को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष सूरजनारायण शर्मा, रामलाल मीणा, कैलाश चौधरी, शकील मोहम्मद, जमील कूरेशी, रशीद कूरेशी, कैलाशचन्द सैनी, ताराचन्द सैनी, मूरारीलाल यादव, धारासिंह जाट, राजाराम जाट, महावीर सिंह, नासिर कूरेशी, नानू कूरेशी, दयाराम जाट, नरसीलाल मीणा, धर्मचन्द बैरवा, अशोक यादव, हेमराज बैरवा, औमप्रकाश मीणा, बजरंगलाल जाट, सीताराम गुर्जर सहित कई वाहन चालक व कर्मचारी मौजूद थे।

# कृषि मंडी में एक दिवसीय कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी समिति के तत्वावधान में सोमवार को पीएमएफएमएमई योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि मंडी प्रांगण में किया जाएगा। कृषि मंडी सचिव कमल डॉ. कमल किशोर सोनी ने बताया कि कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नये और मौजूदा उद्यमियों पूंजीगत अनुदान व आवेदन सहित तकनीकी प्रशिक्षण व सहायता सहित कई योजना से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में कृषि मंडी व्यापार मंडल तेल मिल एसोसिएशन फल सब्जी उत्पादक, भारतीय किसान संघ सहित तहसील के सभी व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है।

## एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम

# पौधारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मेरा युवा भारत केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार के मार्गनिर्देशन में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत गंगापुर सिटी के बीना सॉफ्ट एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से चित्रकला प्रतियोगिता व वाय पास स्थित देवनारायण मन्दिर परिसर में वृक्षा रोपण किया गयाद्य जिसके तहत नीम, वेल्पत्र, गुलमोहर, अशोक, शीशम, फूल अन्य छाया दार के वृक्ष लगाए गए। रिजुल गर्ग ने बताया की सभी युवाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लियाद्य अथिति संस्था से शिक्षाविद आसिफ व इमरान ने कार्यक्रम मे कहा एक पेड़ हमारे जीवन को साकार करता है और प्रकृति को हरियाली देता हैद्य इन्ही से हमें हवा वायु जैसी शक्ति प्रदान होती हैं द्य इस दौरान अतिथियों ने युवाओं को संविधान के प्रस्तावना की एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। युवाओं ने चित्रकला प्रतियोगिता मे भी भाग लिया जिसमे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया द्य माय भारत के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है जिसमें युवाओं द्वारा स्थानीय लोगों को नए पेड लगाने एवं पुराने पौधों को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। हर व्यक्ति को एक पेड़ अपनी माता के नाम लगाने एवं उसे संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम मे रिजुल गर्ग, खेमराज गुप्ता, मंडल सदस्य राहुल जागा, देव गुर्जर, बलवीर गुर्जर, शिवम, नेत्रपाल, विमल सहित कई युवा शामिल हुए ।

# 43 बंदरों को पकड़कर नगर परिषद ने वन्य क्षेत्र में छोड़ा




बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। बंदरों के आतंक से शहर के नागरिकों को निजात देने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर राहत दी जा रही ह जिसके तहत शहरी क्षेत्र में शिकायतों के मध्य नजर चिन्हित अलग-अलग जगहों से 43 बंदरों को पकड़ कर वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में आए दिन बंदरों के आतंक की नगर परिषद को शिकायतें मिल रही है जिस पर अभियान में गति लाते हुए रविवार को टीम द्वारा मानटाउन क्षेत्र में इंदिरा कॉलोनी, बाल मंदिर कालोनी एवं अन्यत्र स्थानों पर पिंजरा लगाकर 43 बंदरों को पकड़ा गया। संबंधित संवेदक टीम द्वारा इन पकड़े गए सभी बंदरों को वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया।

आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

# हर हर महादेव व ओम नमः शिवाय के मंत्रोचारण से गूंज उठा शिवालय



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** प्राचीन मायला कुंड स्थित भोलेश्वर महादेव के मंदिर मे मासिक सहस्त्र घट कार्यक्रम को लेकर पंडित हनुमानप्रसाद शास्त्री के सानिध्य मे रुद्राष्टक एवं शिव तांडव पाठ एवं मंत्रोच्चार करते हुए सहस्त्र घट का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्वान पंडितों द्वारा हर हर महादेव व ओम नमः शिवाय के मंत्रोचारण के साथ जलाभिषेक किया जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान कजोडराम, मीठालाल, दामोदर, राजेन्द्र, दीनदयाल, ओमप्रकाश व पुरुषोत्तम शर्मा सहित कई श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया। इस अवसर पर दिनेश जांगिड, नाथूलाल सैनी, जितेंद्र सैनी, पिंटु भट्ट, बाबूलाल नामा, राजू सोनी, अक्षत, मंयक, श्याम सहित कई श्रद्धालु द्वारा भोलेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार करके महाआरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित क गई।

# 200 वाँ साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम एवं निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर कॉमर्स कॉलेज में सम्पन्न, लोग हुए 119 लाभान्वित

## सेवा कार्य देखकर लायंस क्लब अलवर मत्स्य में जुड़े 5 नए सदस्यों का पिन लगाकर किया स्वागत-एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संयुक्त वैश्य महासभा, बुद्ध विहार विजय नगर के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बताया कि रविवार को प्रात: 8 बजे से कॉमर्स कॉलेज में पहले पौधारोपण कार्यक्रम एवं उसके पश्चात प्रात: 8.30 बजे से निःशुल्क मेडिकल जाँच शिविर का आयोजन किया गया। महासभा द्वारा 200 वाँ साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम कॉमर्स कॉलेज में किया गया है जिसमे 11 औषधीय, फल एवं छायादार पेड़ लगाये गए है । कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शशि गोयल एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल का दुपट्टा उढ़ाकर स्वागत किया गया तथा संयुक्त वैश्य महासभा रजि0 बुद्ध विहार, विजय नगर के सदस्यों के साथ मिलकर लायंस साथियों ने पौधारोपण किया। अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मित्तल हॉस्पिटल द्वारा शुगर की फास्टिंग, पीपी, रेनडम ,एलएफ टी, लिपिड प्रोफाइल, पीएफटी, थाइरोइड, ब्लड प्रेशर इत्यादि जाँचे पूर्णतः निःशुल्क की गयी जिसमे कुल 119 लोग लाभान्वित हुए। जिसमे मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता की टीम जिसमे डॉ. धर्मेन्द्र सैनी, यशोधन पाराशर, बादल गुप्ता, अजय सिंह नरुका, विष्णु कुमार, अखिल यादव, नवीन यादव, यादराम सैनी ने अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान की। पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि लायंस क्लब अलवर मत्स्य की तरफ से संयोजक लायन महेश धानावत एवं लायन सत्यनारायण अग्रवाल को तथा संयुक्त वैश्य महासभा से संयोजक उपमंत्री लायन अनिल बंसल एवं मनोज गुप्ता ने अपनी सेवाए प्रदान की। बेहतरीन सेवा कार्य को देखकर बुद्ध विहार कॉलोनी के 5 नए सदस्यों ने आज ही लायंस क्लब अलवर मत्स्य की सदस्यता ग्रहण कर लीजिसमे अतुल किशोर अग्रवाल ;अध्यक्ष अग्रवाल महासभा विजय अग्रवाल (महामंत्री अग्रवाल महासभा) पीयूष गर्ग, सुरेश चन्द गर्ग, प्रदीप धामाणी ने सदस्यता ग्रहण की ,इस मौके पर सभी नये सदस्यों को लायंस इंटरनेशनल की पिन लगाकर सम्मानित्त किया गया तथा क्लब में आने की सभी ने बधाई प्रेषित की।



लायंस क्लब अलवर मत्स्य से पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शशि गोयल, अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ.मंजू अग्रवाल, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता, वर्तमान रीजन चेयरपर्सन लायन ओमप्रकाश खंडेलवाल, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन लोकेश यादव, पूर्व सचिव लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल,लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन रामा गुप्ता, लायन महेश धानावत, लायन शकुन्तला धानावत, लायन शशि अग्रवाल, लायन वीकेअग्रवाल, लायन जयदीप यादव, लायन कविता गुप्ता, लायंस क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष लायन रविन्द्र गर्ग, उनकी पत्नी लायन अनीता गर्ग, संयुक्त विषय महासभा से अध्यक्ष लायन सतीश कुमार गुप्ता, मंत्री सुरेश चन्द, कोषाध्यक्ष लायन रुपेश गुप्ता,उपमंत्री लायन अनिल बंसल, पहलाद अग्रवाल, पूर्व पार्षद लायन प्रहलाद अग्रवालए पीयूष गर्ग, अशोक मित्तल, सुभाष चन्द गुप्ता, भरत गुप्ता,विमल जैन, बाबूलाल डाटा, संजय अग्रवाल,महेन्द्र गुप्ता, सुनील केदावत सहित बडी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## ऑटो टिपर की हाईट अधिक आमजन को कचरा ड़ालने में होगी परेशानी-अजय अग्रवाल पूर्व सभापति नगर परिषद




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर परिषद के पूर्व सभापति व शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्थाओं के लिए संवेदनशील लीडर् अजय अग्रवाल ने हाल ही में नगर निगम द्वारा चलाए गए नए 50 ऑटो टिपर के से होने वाली समस्याओं के लिए निगम का ध्यान आर्कषण करवाया है। प्रेस नोट में अग्रवाल ने कहा कि आप देखिए कि अधिकांश घरों में महिलाएं ही डालती हैं ऐसे में ऑटो टिपर की हाईट 70 इंच से अधिक है, ज्यादातर महिला ही कचरा डालती है उनकी एवरेज हाईट 60-62 इंच हाईट होती है, वो डायरेक्ट कचरा कैसे डाल सकती है। दूसरा कृपया प्रत्येक टिपर पर ड्राइवर सहित एक कूड़ा उठाने वाला व्यक्ति जारी करें। यह मेरे लिए बहुत ही अजीब खबर और आश्चर्य है, कृपया ऑटो टिपर के नए टायर की जांच करें, यह सभी पुराने और पूरी तरह से टायर जीआईएस हैं। 9 लाख का नया ऑटो टिपर, में सारे पुराने टायर लगाए गए हैं, ये क्या मामला है? अर्जेंट ही इसकी जांच कराएं। आज जो नया टिपर भेजा है 7 नंबर या 8 नंबर वार्ड के लिए है, वार्ड नंबर 7 में ही 500 से ज्यादा निवासी हैं 10 घंटे तो एक ही वार्ड में लग जाऐंगे तो टिपर वार्ड 8 नो में कब जाएगा ये सोचने का विषय है। अच्छा होगा एक वार्ड में 1 टिपर संचालित करें या उसका मोबाइल नंबर, या लाइव लोकेशन के बारे में आमजन को टिपर पर लगाए माइक से अवगत कराएं।

लेकिन मेरा सुझाव है कि अगर हम कचरा संग्रहण में पूर्ण सफलता चाहते हैं, तो कृपया एक ऑटो टिपर चालक नियुक्त करें। इधर अजय अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर सांसद को बधाई भी दी है लेकिन आग्रह भी किया है कि स्वच्छ अलवर आंदोलन में आपके योगदान के लिए बधाई, मैं स्वच्छ अलवर से पूरी तरह जुड़ा हुआ हूँ, कृपया कलेक्टर महोदय से अनुरोध करें कि वे मुझे प्लेटफॉर्म पर बेहतर कार्य करने के लिए सहयोग करें।

## सखी सहेली ग्रुप की ओर से मनाया तीज उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** झूम उठते हैं दिल सभी के, तीज के गीतों के तराने से, जुड़ जाते हैं टूटे संपर्क, बस झूलने के बहाने से सखी सहेली ग्रुप की ओर से तीज उत्सव का आयोजन अलवर रॉयल होटल में पारंपरिक रीति -रिवाज के संग मनाया गया ।तीज उत्सव में सभी सखी सहेलियां सोलह श्रृंगार कर पूरे जोश और उत्साह के साथ उत्सव में आई। प्रोग्राम को दिलचस्प बनाने के लिए भिन्न-भिन्न तरह के खेल खेले गए । कार्यक्रम का संचालन प्रमिला गुप्ता ने किया । सर्वप्रथम तीज माता को गीत गाते हुएए फूल बरसाते हुए लेकर आए और सभी ने झूला झुलाया । तीज क्वीन का किताब रंजना ने जीता। खेलों में जीतने वाली सभी सखियों को आकर्षक उपहार दिए गए । कार्यक्रम में रजनी, दीपा, नीरू, विनीता एवं प्रमिला का विशेष योगदान रहा । सभी को उपहारए फ्ल देकर एवं फ्रेंडशिप कंगन बांधकर कार्यक्रम का समापन किया गया । अंत में प्रमिला गुप्ता ने सभी सखी सहेलियां का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर 25 अगस्त को

**राजगढ़( अलवर )।** लायंस क्लब राजगढ़ के सौजन्य से डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर व जिला अंधता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में 25 अगस्त सोमवार को प्रात: 8ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक कस्बे के ब्राह्मण धर्मशाला, श्री गोविंद देव जी बाजार, राजगढ़, में निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन हेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। सचिव लायन एडवोकेट भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि शिविर में आँखों के विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच जैसे मोतियाबिंद, काला पानी, व लैंस प्रत्यारोपण एवं ऑपरेशन, डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। शिविर में चयन किए गए रोगियों का ऑपरेशन डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल अलवर में किया जाएगा।

## राष्ट्रीय जनसेवा टीम ने अनाथ बच्चों को किया खाद्य सामग्री का वितरण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राष्ट्रीय जनसेवा टीम राजगढ़ की ओर से रविवार को कस्बे के टोड़ी, मोतीवाड़ा में अनाथ परिवारों के बच्चों कपड़े, जूते, चप्पल और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें धर्मसिंह मीना इंदपुरा, रामसिंह मीना टहटडा, कमलेश थानेदार अनावड़ा, सुरेन्द्र डांगरवाड़ा, धारासिंह, राजेंद्र कांकरवाल आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी राष्ट्रीय जनसेवा टीम राजगढ़ के राकेश ओजट ने दी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिंडूसी में प्रथम स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( नि.स. )।** तिजारा की ग्राम पंचायत भिंडूसी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण व प्रथम स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भिंडूसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। संयोजक अखिलेश यादव व आयोजनकर्ता राजप्रकाश उर्फ पप्पू पंचायत समिति सदस्य ने बताया की ग्राम भिंडूसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में, पौधारोपण कर एवं रक्त एकत्रित करने वाली टीम का माला पहनाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ो रक्तदाताओं ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का फूलमाला पहनाकर, एक पौधा देकर और स्मृति चिन्ह सहित प्रशस्ति पत्र देकर हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, अनिल गुप्ता पूर्व सरपंच, मातादीन, कृष्ण यादव यादव, राशिद खान, नवीन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तथा ईश्वर, संजू, रोहित, सतपाल, आशीष गुप्ता, आर्यन गुप्ता, जितेंद्र, संजय, अरविंद, कमल, रामवीर, आदि सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।



## चौबीस साल देश की सेवा की अब करें समाज सेवाःयादव

### सेवानिवृत हवलदार का यादव समाज ने किया सम्मान,हवलदार ने 25रूपये दिए छात्रावास में अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित यादव समाज संस्थान भवन में यादव समाज द्वारा सेना से सेवानिवृती पर उँछपुर निवासी सेवानिवृत हवलदार सुभाष यादव का माला साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए आरसीआई हब के निदेशक डॉ विजय कुमार यादव ठुद्र कहा कि हवलदार 24साल पहले सेना में सिपाही के पद से भर्ती हुए थे। जिन्होंने अपने सेवाकाल में समर्पित भाव से देश सेवा की सेवा की और् समाज अपेक्षा रखता है कि यहाँ रहकर समाज सेवा में भी अपना योगदान देंगें। इस मौके पर हवलदार सुभाष यादव ने समाज का आभार जताया और् 25हजार रूपये छात्रावास के लिए अनुदान भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव समाज के अध्यक्ष सुभाष यादव बूराला ने की। कार्यक्रम से पूर्व सेवानिवृत हवलदार सुभाष यादव ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के आगे दीप जलाकर उनका आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत हवलदार सुभाष यादव उँछपुर निवासी नेतराम यादव के पुत्र हैं ।सम्मान समारोह के बाद समाज के लोगों ने डीजे बजाकर और् काफिले से सम्मान पूर्वक उनके घर पहुँचाया। घर पहुँचने के बाद ग्रामीणों ने उनका माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर सुभाष यादव, डॉ विजय यादव,एडवोकेट नवीन यादव,डॉ देविराम यादव,उदयसिंह यादव, देशराज हवलदार, रोहिताश यादव, प्रकाश यादव,डॉ रमेश यादव, रामकुमार यादव, हजारी यादव, किशोरीलाल यादव, सुभाष सिंह, थानेदार,धर्मपाल, पप्पू प्रधान, राकेश पंच, उदयसिंह यादव सहित काफ़ी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।



## खैरथल-तिजारा जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिले के स्थापना दिवस (07 अगस्त 2025) के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि स्थापना दिवस का आयोजन गरिमामय व आकर्षक बनाया जाए। इसके लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर, खैरथल-तिजारा को समग्र प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को प्रशासनिक एवं नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिला कलेक्टर ने नगर परिषद खैरथल एंव सहायक निदेशक पर्यटन को टेंट, लाइट, साउंड, लोक कलाकारों से समन्वय कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध और उच्च स्तर की हों ताकि जिला स्थापना दिवस खैरथल-तिजारा हर्षोल्लास से मनाया जाए। सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग संजय ने बताया कि स्थापना दिवस पर प्रात: 10.00 बजे से रंगोली, मेंहदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल में किया जाएगा। सायं 7.00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मीनारायण मंदिर, खैरथल प्रांगण में किया जाएगा।



## पूर्व में संज्ञान लेता पीडब्ल्यूडी विभाग तो टोंटपुर-तुहिया मार्ग पर नहीं होता हादसा-डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने जिला कलक्टर, बीडीए आयुक्त एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के टोंटपुर-तुहिया मार्ग पर हुये हादसे से सबक लेते हुये ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त हो रही सड़कों की मरम्मत कराकर आमजन को राहत देने की मांग की है। डॉ. गर्ग ने प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया कि टोंटपुर-तुहिया मार्ग पर सडक पर काफी समय से गड्ढे होने की कई बार सम्बन्धित अधिकारियों को बताया गया, अगर समय रहते ध्यान दिया जाता तो टैक्टर-टॉली के पलट जाने पर चपेट में आये मां-बेटे की मृत्यु नहीं होती।

उन्होंने जिला कलक्टर से कहा कि इस घटना का मुख्य रूप से पीडब्ल्यूडी विभाग जिम्मेदार है और घटना की जिम्मेदारी तय कर मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाये साथ। विधायक डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से कहा कि टोंटपुर-तुहिया रोड पर हुई घटना से सबक लेते हुये जघीना रोड, चिकसाना रोड, नौंह से पीरनगर रोड पर भी हो रहे बडे-बडे गड्ढों को भी भरवाया जाये। इसके अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहर के मुख्य मार्गों पर भी बडे-बडे गड्ढे हो रहे हैं। जिनकी वजह से कई बार वाहन चालक गिरकर चुटेल हो जाते हैं।

## राज ऋषि अभय समाज रामलीला एवं नाटक महाराजा भर्तृहरि के पूर्वाभ्यास का विधिवत हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीलाओं का एवं महान सामाजिक धार्मिक एवं ऐतिहासिक नाटक महाराजा भर्तृहरि के पूर्व अभ्यास का विधिवत हुआ शुभारंभ । इस अवसर पर शुभारंभ करने से पूर्व महानिदेशक मनोज कुमार गोयल ने विधि विधान से स्वरूपों को राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता एवं हनुमान जी को तिलक करके विधिवत पूजन करके आज यहां भर्तृहरि धाम मंदिर में स्थित राम दरबार के समक्ष श्री रामलीला एवं नाटक महाराजा भर्तृहरि के पूर्वाभ्यास का शुभारंभ किया। महानिदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष के होने वाले प्रदर्शन में भाग लेने के इच्छुक नए कलाकार भी जो अभिनय करने में रुचि रखते हैं वह भी आकर संपर्क कर सकते हैं और उन्होंने बताया कि 3 अगस्त 2025 रविवार से नियमित पूर्वाभ्यास अभय समाज के विशाल रंगमंच पर नित्य प्रति शाम 7ः30 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक होगा सभी कलाकार समय पर रंगमंच पर नियमितआए ओर अपनी अपनी भूमिका का पूर्वाभ्यास करें एवं प्रदर्शन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर संस्था के पंडित धर्मवीर जी शर्मा महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा संगीत निर्देशक जितेंद्र कुमार गुप्ता प्रेक्षा ग्रह प्रभारी श्री ओम प्रकाश गुप्ता एवं उपप्रेक्षा ग्रह प्रभारी आचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं पूर्व महामंत्री तथा वरिष्ठ कलाकार श्री महेश चंद शर्मा तथा कार्यकारिणी के पदाधिकारी और कलाकार सदस्य एवं बाल कलाकार इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर का सराहनीय प्रयास

### ब्रज बाँसुरी भजन संध्या के माध्यम से मेडिकल उपकरण बैंक के लिए जुटाएगा धन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर द्वारा कार्यक्रम ब्रज बाँसुरी भजन संध्या का आयोजन 7 अगस्त को सांय 6 बजे अलवर मोटेल एंड रिसोर्ट्स, विजय मंदिर रोड पर किया जा रहा है । प्रभु मिलन की आस सब मिल करें भक्ति रस को चरितार्थ करते हुए कार्यक्रम में मुख्य भजन गायक श्री धाम वृंदावन से श्री चित्र विचित्र जी महाराज होंगे। रोटरी क्लब ऑफ़ अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि इस भक्ति भजन संध्या बृज बाँसुरी में वृंदावन के विश्व विख्यात भक्ति भजन गायक श्री चित्र विचित्र जी महाराज बिहारी बिहारिणी जी का अपने रोमांचित कर देने वाले भजनों से गुणगान करेंगे । श्री बिहारी जी का मनमोहक श्रृंगार फूल बंगले से होगा। मेरी विनती यही है राधा रानी, कृपा बरसा, रखना इसी भाव से हम समाज सेवा करते रहे व हर जरूरत मंद के काम आए इसी कडी में रोटरी क्लब ऑफ अलवर के दो स्थाई प्रकल्प जरूरत मंद मरीजों के लिये डॉ.बंकिम चंद्र बंदोपाध्याय रोटरी मेडिकल उपकरण बैंक व छात्राओं के लिए सरकारी स्कूल में टॉयलेट ब्लॉक बनाना है । ब्रज बांसुरी कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन आशीष खंडेलवाल ने बताया कि बिहारी जी के लिए विशेष छप्पन भोग प्रसाद बनाया जायेगा व श्री श्याम मंडली अलवर द्वारा अखंड ज्योत जलाई जाएगी। सभी आगंतुकों का स्वागत इत्र वर्षा से किया जाएगा व प्रसाद वितरित किया जाएगा।

सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ अलवर व कजारिया टाइल्स भक्ति भजन संध्या ब्रज बांसुरी में प्रवेश पासेस के माध्यम से होगा। रोटरी क्लब अलवर कजारिया टाइल्स भजन संध्या के प्रायोजक जयंती ग्रप,अपना घर शालीमार एक्सटेंशन, रसगनवाला सेल्स कारपोरेशन, डाइकिन एसी, थॉमस कुक,सह प्रायोजक तिरुपति ज्वेलर्स, अबराम फूड्स, भैरू बख्श स्वीट्स,अरिहंत पब्लिसिटी, यूनाइटेड मेडिकल एजेंसी, शारदा डेंटल केयर, आकाश सुपारी, ऋतम्भरा रिजॉर्ट, दुधानी हॉस्पिटल, जगमोहन लाल ज्वैलर्स, एडवांस न्यूरोलॉजि सेंटर, सिंगल प्रॉपर्टीज, एम एस ज्वेलर्स, श्री कृष्णा फैशन, देशी ठाठ, श्री ओम साईं पैकेजिंग एवं बॉबी नरूला फोटोग्राफी व सहयोगी प्रोफेसर चंद्रेयी बनर्जी आर्यए प्रमोद विजय उपाध्यक्ष भजपा अलवर होंगे ।



किराड़ समाज समिति का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

# सामाजिक संस्थाएं समाज के दुख, दर्द, पीड़ा में सहयोगी बनें: ऊर्जा मंत्री नागर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( विनोद गौड़ )।** श्री कल्याणराय जी किराड़ क्षत्रिय विकास समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह रविवार को श्रीनाथपुरम स्थित किराड़ छात्रावास पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर थे। अध्यक्षता कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, क्षत्रिय किराड़ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामकुमार मेहता, रेल सलाहकार बोर्ड के सदस्य आशीष मेहता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम मेहता, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास मेहता, पूर्व सरपंच शिवराम मेहता मौजूद रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद मेहता, युवा अध्यक्ष मनीष मेहता, महिला अध्यक्ष सुनीता मेहता की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने शपथग्रहण की। संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि सभी समाज संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। राष्ट्र निर्माण के लिए हमें सर्वसमाज को साथ लेकर सबके विकास और हित की बात करनी होगी। हम सभी मिलकर राष्ट्र की उन्नति में योगदान दें। यह समय की आवश्यकता भी है। सभी सामाजिक संस्थाएं समाज के दुख, दर्द, पीड़ा में सहयोगी बनें। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि किराड़ समाज राष्ट्रवादी समाज है। जो सनातन की रक्षा की भूमिका में रहा है। किराड़ समाज खेती किसानी के साथ-साथ शिक्षा और व्यापार में भी आगे बढ़ रहा है। आशीष मेहता ने कहा कि किराड समाज अन्न उपजाकर देश की सेवा कर रहा है।

गाँव ढाणी में रहने वाले नौजवान को अच्छी शिक्षा के द्वारा आगे बढाया जा सकता है। सभी मिलकर समाज की एकता, उन्नति और विकास के लिए कार्य करें। रामविलास मेहता ने कहा कि किराड़ समाज देश में अपनी पहचान बना रहा है। समाज के युवा आगे आकर नेतृत्व करें।

# अतिवृष्टि एवं जलभराव से खरीफ फसलों को हुआ भारी नुकसान तुरंत सर्वे करा कर मुआवजा दे सरकार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( विनोद गौड़ )।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा की कोटा संभागीय कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक रविवार को सोगरिया मे संगठन कार्यालय पर सम्पन हुई।जिसमे किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक मे आंदोलन की रुपरेखा तैयार की गई।

भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा की कोटा संभागीय कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आज सोगरिया मे संगठन कार्यालय पर सम्पन हुई।जिसमे किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक मे आंदोलन की रुपरेखा तैयार की गई।

सरकार राष्ट्र के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए एक बार राजस्थान सहित देश के किसानों का सम्पूर्ण कृषि कर्ज माफ़ करने की योजना बनाएं।

प्रदेश मे लगातार हो रही भारी बरसात से खरीफ फसलों को हुए भारी नुकसान का तुरंत सर्वे करवा कर सरकार पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दे।अतिवृष्टि व जलभराव से किसानो की फसलें पूर्ण रूप से चौपट हो गई है।किसानो की फसले खत्म होने के कगार पर है,किसान बर्बाद हो चुका है।राजस्थान सरकार प्रदेश को आपदाग्रस्त घोषित कर किसानो को आर्थिक सहायता देकर राहत दे।

मनोज दुबे ने कहा की किसानों को समय पर डीएपी एवं यूरिया खाद नहीं मिलने से खरीफ फसलों की बुआई मे देरी के बाद भारी बरसात किसानों के लिए आफत बन गई है।ड्रेनेज़ सिस्टम सही नहीं होने से खेतों मे भारी जल भराव के कारण सोयाबीन, उड़द, तिल्ली आदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है।अधिकांश सब्जियाँ भी बर्बाद हो गई है। राजस्थान में हुई भारी बारिश से खरीफ की फसल ख़राब होने से किसानों परेशानी मे है।महंगी खाद, बीज हंकाई-जुताई कीटनाशक सब बर्बाद हो गया है।जिसने धरतीपुत्रों के अरमानों पर पानी फेर दिया है।अतिवृष्टि से हुए जल भराव से किसानों की सोयाबीन,मक्का,उड़द,तिल्ली आदी फसल बर्बाद हो गई है।सरकार अति शीघ्र गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दें।

इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमावत, त्रिलोक मीणा, सत्तार भाई मंसूरी, इरशाद खान, चन्द्र प्रकाश नागर (हरी पूरा)मुकेश मीणा,अब्दुल मोईन खान, लेखराम चौबदार, सहित कई वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक मे कोटा देहात अध्यक्ष हरभजन सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे कार्यकार्य मौजूद थे।

## कोटा शहर एसपी तेजस्विनी गौतम ने किया नांता थाने का दौरा

क्षेत्र वासियों से किया संवाद



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** शहर के नए पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा कोटा शहर के सभी थानों का लगातार निरीक्षण और दौरा किया जा रहा है।

शहर की पुलिस को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जमीनी स्तर पर शहर पुलिस अधीक्षक के दौरे के सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं। स्टेशन क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की शिकायतो के मामले कम होने लगे हैं वहीं शहर में नए मुखिया के बदलने से पुलिस की कार्यप्रणाली भी सुधरने लगी है। नान्ता थाने में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के सामने शहर सपा ने पुलिस की कार्य प्रणाली में जन सहभागिता की महत्ति भूमिका बताई । क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टी पार्श्वनाथ अपार्टमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष राजू सोनी, हेमराज सैनी ने बताया कि हमारे यहां पर वैसे तो सभी ठीक है लेकिन यदि प्रयास किया जावे तो रोड लाइटों का एक बहुत जरूरी काम है।

जिसके कारण रात के समय आने जाने में अंधेरे के कारण लोगों को डर लगता है। वही खतरे का अंदेशा बना रहता है।

नांता क्षेत्र शहर के महत्वपूर्ण मार्गो पर बसा हुआ क्षेत्र है। स्पीड ब्रेकर सही तरीके से निर्माण करवा कर बनवाये जाए तो यहां से निकलने वाले भारी वाहनों को और उनसे उत्पन्न होने वाले खतरे से स्थानीय नागरिकों को बचाया जा सकता है ।

ट्रेंचिंग ग्राउंड संघर्ष समिति के अध्यक्ष नितिन नान्ता ने थाने को जल्दी ही आवंटित जमीन पर बनवाकर स्थानीय सुरक्षा के लिये जरूरी बताया। व्यापार संघ की ओर से भी शहर एस पी का स्वागत किया गया। महिला प्रतिनिधियों में किरण सोनी, रिंकू जैन ने स्वागत किया। बैठक के बाद में थाने परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया है।

## कोटा में मानव सेवा का अनूठा सम्मान अंगदानी परिवार के सदस्य नि:शुल्क कर सकेंगे प्रदेश में सफ़र



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** प्रदेश में अंगदान के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एवं अंगदानी परिवारों को ,शहर-समाज में उत्कृष्ट स्थान,विशेष पहचान व अधिकार दिलाने के लिए संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन वर्ष 2011 से हाडोती संभाग में कार्य कर रही है । इसी उद्देश्य से शाइन इंडिया फाउंडेशन ने पुन: एक नवाचार और प्रदेश में ऐसा पहला प्रयास किया है ।

इसके अंतर्गत, हाडोती संभाग के अंगदानी परिवार के कोई भी दो सदस्य (शाइन इंडिया फाउंडेशन से प्रमाणित) नवरंग ट्रेवल्स की बस के द्वारा, कोटा से पूरे राजस्थान में कहीं पर भी जा सकेंगे ।

अंगदानी परिवारों के लिए,एक समय पर दो परिवारों के लिये ही बस में चार सीटों को आरक्षित किया गया है । एक परिवार के करीबी दो व्यक्ति माह में दो बार ही इस तरह की नि:शुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ ले पाएंगे । यात्रा के लिए दो दिन पूर्व संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा । कोटा नवरंग ट्रेवल्स के मालिक, एवं संस्था के ज्योति मित्र अशोक चांदना ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, जनमानस को सेवा कार्य में जोड़ने का कार्य संस्था से बेहतर कोई नहीं कर सकता, हमें खुशी है कि हम भी इस मुहिम का हिस्सा बने । शाइन इंडिया के सदस्यों ने कहा कि, यूँ तो इस तरह की सुविधाओं को देने का कार्य, राज्य सरकार का है, परंतु हमने अपने स्व प्रयासों से, कोटा से यह शुरुआत की है, शायद हमारे इस नवाचार से राज्य सरकार भी आने वाले समय में नेत्रदानी,अंगदानी व देहदानी परिवारों को कुछ लाभ दे सकेगी । ज्ञात होकि,यह सुविधा पायलट प्रोजेक्ट के तहत 1 वर्ष तक लागू रहेगी। 15 वे राष्ट्रीय अंगदान दिवस के इस शुभ अवसर पर,इस योजना के शुभारंभ के पोस्टर का विमोचन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर मैं किया इस दौरान अनुरोध फाउंडेशन के संस्थापक नितिन गौतम , अशोक चांदना और डॉ कुलवंत गौड़ भी उपस्थित थे ।

## कोटा की बालिकाओं ने योगासन स्पर्धा में दिखाया दमखम

राज्य स्तर के लिए होंगी तैयार

राजकीय बालिका गृह की 6 बालिकाओं ने कोटा योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2025 में हासिल किए उत्कृष्ट स्थान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( दामोदर सिंह )।** आरवाईएसए सोसाइटी द्वारा आयोजित छठी कोटा योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2025 में राजकीय बालिका गृह की छह बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। सब-जूनियर ग्रुप में दो बालिकाओं ने भाग लिया, जिनमें से एक बालिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर ग्रुप में चार बालिकाओं ने भाग लेकर क्रमश: प्रथम, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संचेतन संस्था की श्रीमती भारती गौड़ द्वारा राजकीय बालिका गृह एवं नारी निकेतन की बालिकाओं को योग प्रतियोगिता में भाग दिलवाया गया और उन्हें प्रतियोगिता की विशेष तैयारी भी करवाई गई। राजकीय बालिका गृह की अधीक्षक श्रीमती अंशुल मेहंदीरत्ता ने जानकारी दी कि पिछले कई वर्षों से यहां की बालिकाएं योगासन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और विभिन्न स्तरों पर स्थान प्राप्त कर रही हैं। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर बाल कल्याण समिति, सहायक निदेशक श्री रामराज मीणा एवं संरक्षण अधिकारी श्री दिनेश शर्मा ने बालिकाओं को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी में जुटने हेतु प्रोत्साहित किया।

## भीतरिया कुंड से आरके पुरम ए बालाजी धाम तक निकली कावड़ यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** श्रावण माह के पावन अवसर पर रविवार को भीतरीया कुंड से आरके पुरम ए स्थित बालाजी धाम तक तृतीय विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ। जिला कॉंग्रेस कमेटी के सचिव योगेश विजयवर्गीय ने बताया कि यात्रा को राजस्थान प्रदेश काँग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम, शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के संस्थापक रमेश गुप्ता, कराई के बालाजी के मुख्य पुजारी बाबा धीरेन्द्रगिरी, ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष हरिसुदन शर्मा, आरके पुरम बालाजी धाम के अध्यक्ष ओम शर्मा ने रवाना किया। यात्रा भीतरिया कुंड से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए आरके पुरम बालाजी धाम मंदिर पहुंची जहां स्थापित नर्मदेश्वर महादेव का कावड़ के जल से अभिषेक कर सभी सभी भक्त जनों ने पूजा अर्चना की। राखी गौतम ने कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होकर सभी शिव भक्तों को श्रावण माह की बधाई दी । सैकड़ों श्रद्धालु डीजे की धुन पर भजनों के साथ कांवड़ लेकर चले। यात्रा में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां और नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान बालाजी धाम मंदिर के अध्यक्ष ओम शर्मा , जिला काँग्रेस कमेटी महासचिव दीपक नागर, आरके पुरम कॉंग्रेस मंडल अध्यक्ष चेतन पारेता , नकुल आर्य , जसवंत बाबा, दुर्गेश , राहुल सहित अन्य कावड यात्रा के आयोजक कर्ता मौजूद रहे

# मित्रता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित, 40 यूनिट रक्त एकत्र

सच्चा मित्र जो ज़रूरत में रक्तदान भी करता है सेवा, संस्कार और समर्पण को बनाया सच्चा मित्र

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( विनोद गौड़ )।** मित्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था फ्रेंड्स फॉर एवर ग्रुप , टीम जीवनदाता , लायन क्लब कोटा टेक्नो के संयुक्त तत्वावधान में अपना ब्लड सेंटर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य न सिर्फ मित्रता का जश्न मनाना था, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण जैसे मूल्यों को भी जनमानस तक पहुंचाना था , जिन्हें संस्थाएं अपने सच्चे मित्र के रूप में मानती है।

लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि शिविर का आयोजन अतुल विजय एवं हेमा विजय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया, जो ज़रूरतमंदों के जीवन को बचाने में सहायक होगा। शिविर कां शुभारंभ फ्रेंड्स फॉर एवर ग्रुप के संरक्षक बृहमोहन विजय - मोहिनी विजय ने दीप प्रज्वलन करके किया । शिविर की विशेष बात यह रही कि पिता-पुत्र, पति-पत्नी , दोस्त जैसे पारिवारिक रिश्तों ने एक साथ रक्तदान कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। अशोक विजय, उनके पुत्र नमन और यथार्थ ने एक साथ रक्तदान किया, वहीं रेखा विजय, प्रीति बंसल, और अशोक विजय ने पहली बार रक्तदान कर सेवा में सहभागिता निभाई।पुनीत विजय, उपवन शर्मा, मयंक शर्मा , नरेश विजय , अक्षय मित्तल , बसंत रिझवानी, भूपेंद्र सिंह , शैलेंद्र सिंह ने भी रक्तदान कर समाजसेवा का संदेश दिया।आर्य विजय व आराध्य विजय ने शिविर में सहयोग कर सक्रियता निभाई ।

### इनका रहा सहयोग

शिविर में सहयोग करने वालों में अरुण विजय, तंवर सिंह, संदीप एवं प्रीति बंसल, मुकेश खंडेलवाल, भारत सिंह, अंकुश जैन, दिलीप जैन, उमेश श्रृंगी, नीरज कौशल, रक्षित, शैलेन्द्र, निरंजन विजय, भूपेंद्र और अन्य सेवाभावी लोग शामिल रहे। टीम जीवनदाता ने मित्रता दिवस को मानवता और सेवा के साथ जोड़कर इस दिन को नई दिशा दी, और यह संदेश दिया कि सच्चा मित्र वही जो जरूरत पड़ने पर रक्तदान करे।

# कोटा की बेटी तनवी शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया कोटा का गौरव, अमेजन पर लॉन्च किया फैशन प्रोडक्ट



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( दामोदर सिंह )।** कोटा की प्रतिभाशाली बेटी तनवी शर्मा ने महज 16 साल की उम्र में अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न केवल शहर बल्कि देश का नाम भी रोशन किया है। फैशन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय तनवी ने हाल ही में अमेजन पर अपना पहला फैशन प्रोडक्ट नियॉन येलो स्लीवलेस क्रॉप टॉप लॉन्च किया है। तनवी शर्मा के पिता सोहन शर्मा ने बताया कि मिस टीन इंडिया टॉप मॉडल प्रतियोगिता में फस्ट रनरअप का खिताब जीतने के बाद से ही तनवी के पास कंपनियों के ऑफर आना शुरू हो गए हैं, जिसमें फैशन कपड़ों के लिए मशहूर एक कंपनी द्वारा अमेजन प्लेटफार्म पर तनवी शर्मा के फोटोशूट के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कोटा के लिए गौरव की बात है कि कोटा की बेटी आज भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर कोटा का नाम रोशन कर रही है।

उन्होंने बताया कि तनवी शर्मा अब तक कई प्रतिष्ठित टीवी चौनलों के लिए विज्ञापन शूट कर चुकी हैं वो सिर्फ फैशन और मॉडलिंग ही नहीं, तनवी सामाजिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वह आयुर्वेदिक चौरिटेबल ट्रस्ट कोटा के साथ मिलकर लोगों में सेहत, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बालिका अधिकार, रक्तदान और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों के प्रति जागरूकता फैला रही हैं।

तनवी वर्तमान में मिस इंडिया प्रतियोगिता की तैयारी कर रही हैं और जल्द ही कला और नृत्य के क्षेत्र में भी टीवी चैनलों पर पर नजर आने वाली हैं। सिर्फ मॉडलिंग ही नहीं, तनवी ने हाल ही में कोटा टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर का सफलतापूर्वक इंटरव्यू लेकर न्यूज एंकर के रूप में भी अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

## सरकार चाहे तो निशुल्क तकनीकी सहयोग को तैयार है इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस

आईबीसी कोटा चेप्टर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा ज्ञापन, सरकारी भवनों की समीक्षा में देने का प्रस्तावित सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( दामोदर सिंह )।** सरकारी स्कूलों व भवनों की जर्जर होती स्थिति को लेकर अब तकनीकी विशेषज्ञों ने जिम्मेदारी संभालने की पहल की है। इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस (आईबीसी) कोटा चेप्टर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य सरकार को निशुल्क तकनीकी सहयोग देने की पेशकश की है।

आईबीसी कोटा चेप्टर के चैयरमेन एवं पीडब्ल्यूडी के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश कुमार बैरवा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ओम बिरला से भेंट की और बताया कि आईबीसी नई दिल्ली के अधीनस्थ कोटा चेप्टर में सार्वजनिक निर्माण विभाग, आवासन मंडल, विकास प्राधिकरण, तकनीकी संस्थान, विद्युत निगम, एमईएस आदि से जुड़े अनुभवी सेवारत व सेवानिवृत्त अभियंताओं का समूह शामिल है, जो हर स्तर पर विशेषज्ञता रखते हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अगर राज्य सरकार आवश्यक समझे, तो आईबीसी कोटा चेप्टर सरकारी भवनों की संरचनात्मक स्थिति की जांच और तकनीकी मार्गदर्शन निशुल्क उपलब्ध कराने को तत्पर है। साथ ही जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेषज्ञों की टीम नई दिल्ली से उपलब्ध कराई जा सकती है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस प्रस्ताव की सराहना करते हुए शीघ्र ही बैठक बुलाकर इस पर निर्णय लेने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आईबीसी कोटा चेप्टर के सचिव एवं पीडब्ल्यूडी के पूर्व अधिशाषी अभियंता हेमन्त कुमार शर्मा, पूर्व अधिशाषी अभियंता शरद सक्सेना, रमेशचंद गुप्ता, आर.के. लौहमी, संवेदक संघ अध्यक्ष सुनील गर्ग सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## शहर मे विभिन्न कावड़ यात्राओं हुआ शुभारम्भ

कावड़ यात्राओं से शिवमय हुआ कोटा शहर -संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** विधायक संदीप शर्मा ने पवित्र श्रावण मास में रविवार को कोटा शहर में विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थानों पर आयोजित कावड़ यात्राओं में भाग लिया और पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी लोगों की अपनी धार्मिक परम्पराओं में पूरी निष्ठा और आस्था बनी हुई है, आज शहर में सैंकड़ों स्थानों पर कावड़ यात्राएं आयोजित हुई जिसमें हजारों कावड़ियों ने भाग लेकर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है जिससे पूरा कोटा शहर ही शिवमय हो गया है। वे भीतरिया कुण्ड, शिवपुरी धाम, पिपलेश्वर महादेव मंदिर महावीर नगर तृतीय, रंगबाड़ी बालाजी मंदिर, मंशापूर्ण महादेव मंदिर रेलवे कॉलोनी आदि स्थानों पर कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि विभिन्न नदियों से जल से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए की जाने वाली कावड़ यात्रा साधारण यात्रा नहीं है बल्कि भक्ति के साथ तपस्या और समर्पण का भी प्रतीक है। भक्ति की आत्मिक शक्ति के बल पर ही कावडिए दूर दूर से शुद्धता और संयम का पालन करते हुए पवित्र जल लेकर विपरीत परिस्थितियों में नंगे पांव बिना थके, बिना रूके कई किलोमीटर पैदल चल पाते है, साथ ही समूह में यात्रा करने वाले कावडियों का एक दूसरे से प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का भाव उत्पन्न करती है।



आईआईटी दिल्ली का 56वें दीक्षांत समारोह

## डॉ. छैल बिहारी सोनी को नवाजा गया पीएचडी की उपाधि से




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर निवासी समाजसेवी पूर्व पार्षद गोविंद सोनी के पुत्र डॉ. छैल बिहारी सोनी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि आईआईटी दिल्ली के 56वें दीक्षांत समारोह में 2 अगस्त 2025 को प्रदान की गई है!

डॉ. सोनी ने अपनी पीएचडी ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में पूरी की, जिसमें विशेष रूप से सोडियम-सल्फर बैटरियों पर उनका शोध केंद्रित रहा। उनका कार्य पर्यावरण-अनुकूल और दीर्घकालिक ऊर्जा समाधानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। अपनी थीसिस को अक्टूबर 2024 में सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के पश्चात, उन्होंने दिसंबर 2024 से फ्रांस के विश्वविख्यात अनुसंधान संस्थान सीएनआरएस से संबद्ध एक प्रयोगशाला में रिसर्च साइंटिस्ट के रूप में कार्यभार संभाला। इस भूमिका में वे उन्नत ऊर्जा भंडारण तकनीकों पर शोध कर रहे हैं।

डॉ. सोनी के नाम पर बैटरी तकनीक से जुड़े कई पेटेंट भी दर्ज हैं, जो ऊर्जा भंडारण की क्षमता, दक्षता और स्थायित्व को बेहतर बनाने की दिशा में सहायक हैं। उनका शोधकार्य भारत में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान कर रहा है। भविष्य में वे भारत के शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कंचनपुर पुलिस ने पकड़ा कांसपुरा गांव में दो बंदूकों के साथ आरोपी

अवैध शराब और फरार वारंटी को लेकर भी कार्यवाही, तीन स्थानों पर दी दबिश,




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की है। जिसमें दो अवैध बन्दूको के साथ जहां एक आरोपी पकड़ा है,वहीं अवैध शराब और स्थाई वारंटी को लेकर भी दविश दी है।

कंचनपुर थाना अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश और एडिशनल एसपी मनोज शर्मा एवं सैपऊ सीओ अनूप सिंह के सुपरविजन में यह कार्रवाई की है। जिसमें थाने की तीन टीमों का गठन कर जरिये मुखबिर मिली जानकारी के आधार पर दविश दी गई। जिसमें गांव कांसपुरा से एक 55 वर्षीय आरोपी भगवान दास पुत्र श्री चंद्र कुशवाहा गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक सिंगल शॉट राइफल 315 बोर के साथ एक देशी टोपीदार बंदूक बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आर्म एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

वही दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत गांव अब्दलपुर में आबकारी अधिनियम के तहत की है जिसमे अवैध देशी शराब के 52 पव्वो के साथ आरोपी श्रीभगवान पुत्र जलसिंह प्रजापति को गिरफ्तार किया है।तीसरी कार्रवाई पुलिस ने थाना क्षेत्र के लालोनी गांव में की है। जहां से स्थाई वारंटी ढेवा उर्फ रामहरि पुत्र बनेसिंह गुर्जर पुलिस के हाथ लगा है। इसके खिलाफ थाने पर दर्ज मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में एएसआई सोनवीर सिंह के साथ हेड कांस्टेबल कपिल शर्मा,मुकेश कुमार के साथ एक दर्जन कांस्टेबलों का विशेष सहयोग रहा है।

## अध्यक्ष विजय गुप्ता ,कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल निर्विरोध , मंत्री पद पर प्रमोद सर्राफ 33 मत से विजयी




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अग्रवाल समाज के आगामी दो वर्षो के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री व कोषाध्यक्ष के चुनाव आज सेठ मांगीलाल भडाके वाले अग्रवाल समाज भवन में सम्पन्न हुए। जिसमें विजय गुप्ता को अध्यक्ष, अंशु मित्तल को उपाध्यक्ष, राजकुमार बंसल को कोषाध्यक्ष व सत्येंद्र गुप्ता को उपमंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया एवं मंत्री पद के लिए हुए मतदान में प्रमोद सिंघल को 33 मतों से विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी मनीष मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अग्रवाल समाज के संविधान व नियमावली के अनुरूप आगामी दो वर्षो के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री व कोषाध्यक्ष के पद हेतु चुनाव प्रक्रिया गत 1 जुलाई से 3 अगस्त के मध्य सम्पन्न करवाई गई। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व उपमंत्री हेतु एक-एक नामांकन शेष रहने से विजय गुप्ता को अध्यक्ष, अंशु मित्तल को उपाध्यक्ष, राजकुमार बंसल को कोषाध्यक्ष व सत्येंद्र गुप्ता को उपमंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया और मंत्री पद के लिए अशोक गोयल व प्रमोद सिंघल के बीच मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई, जिसमें 391 मतदाताओं की सूची में से 311 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान में प्रमोद सिंघल को 171 मत एवं अशोक गोयल को 138 मत प्राप्त होने पर प्रमोद सिंघल को 33 मतों से विजयी घोषित किया गया एवं 2 मत निरस्त पाए गए। निर्वाचन अधिकारी द्वारा पांचों दायित्वधारियों को शपथ दिलाई गई और निवार्चन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सीड्स बॉल अभियान दूसरा चरण

# जल-जंगल-जीवों के लिए महिलाओं ने भरी हुंकार, अरावली की चोटियों पर उगाई हरियाली की आशा

## दावानल के जख्मों पर सीड्स बॉल का मरहम, महिलाओं ने संभाली पर्यावरण की कमान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जिले में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत राजसमन्द और कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा चल रहे सीड्स बॉल अभियान के दुसरे चरण में महिलाओ द्वारा आमेट, कमेरी, सीम माता, आडावाला और झिलवाडा की पहाड़ियों को हरा-भरा करने के लिए हज़ारों सीड्स बॉल का छिड़काव किया गया पिछले पुरे सप्ताह महिलाओ की टीम अलग अलग क्षेत्रो में गई गुलेल के माध्यम से बीजो का छिडकाव किया। अभियान प्रेरक सामाजिक कार्यकर्ता भावना पालीवाल ने बताया की इस वर्ष यह अभियान सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की प्रेरणा से चल रहा है जिसमे महिलाओ ने पचास हजार सीड्स बॉल बनाये और जो पहाडियों, जंगलो और ऊँचे इलाकों में जाकर उन बीजों का उपयोग किया जो जलवायु और मिट्टी के लिए सबसे उपयुक्त है पालीवाल ने इस अभियान को मातृभूमि के प्रति एक संकल्प बताया यह सिर्फ पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि मातृभूमि की गोद को हरियाली से भरने का संकल्प है। हम चाहते हैं कि जंगल जीवित रहें, जल स्रोत फिर से बहें और पक्षियों की चहचहाहट वापस लौटे। अभियान के पहले चरण में महिलाओं ने देवगढ़ की कठिन पर्वतीय श्रृंखलाओं, गोरीधाम, देवरो का गुड़ा, चंद्रभागा नदी के उद्गम स्थल, मेराथन ऑफ मेवाड़ और सात पालिया के आस-पास के जंगलों में सीड्स बॉल का छिड़काव किया। इसके बाद, गुलेल की मदद से हजारों बीज बॉल को जंगलों की ढलानों और घाटियों में बिखेर दिया। इस अभियान में सीमा वैष्णव, अवंतिका शर्मा, मोनिका चौहान, दिव्या कँवर, निकिता पालीवाल, दीपिका, रीना कुमारी, लीला देवी, विजय लक्ष्मी, ज्योति चुंडावत, निकिता वैष्णव, अरीना, किरण गोस्वामी, दिलखुश सेन, मीनल पालीवाल और आशा कुमावत जैसी अनेक महिलाओं सक्रिय रूप में अपना योगदान दे रही है ।



### दावानल के जख्मों पर सीड्स बॉल का मरहम

**अभियान प्रभारी जिला प्रभारी मीनल पालीवाल का कहना है की जंगल की आग से बड़े-बड़े पेड़ और वनस्पतियाँ तो नष्ट हो ही जाती हैं, साथ ही मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद बीज और पोषक तत्व भी जल जाते हैं। ऐसी जमीन पर प्राकृतिक रूप से पेड़-पौधे उगने में लंबा समय लगता है। सीड्स बॉल इस समस्या स्थाई समाधान मिट्टी और खाद की परत बीजों को पक्षियों और कीटों से बचाती है। सीड्स बॉल को आसानी से दूर तक फेंका जा सकता है, जिससे दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में भी बीजारोपण संभव हो पाता है। हजारों सीड्स बॉल एक साथ छिड़कने से एक ही बारिश के मौसम में हजारों पौधे उग सकते हैं।**

## श्रावण मास में आमजन के लिए भंडारे आयोजित कर अन्न दान करना बेहद पुनीत कार्य:पागल बाबा

शिक्षकों ने राहगीरों के लिए किया भंडारे का आयोजन सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** श्रावण मास के पावन मौके पर राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से राजाखेड़ा बाईपास स्थित सुरजीत वाटिका में संचालित शीतल एवं शुद्ध जल की सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर पर आमजन व राहगीरों हेतु भंडारे का आयोजन कर बढ़ई व सब्जी की प्रसादी का वितरण किया गया ।

भंडारे का शुभारंभ जिले के प्रख्यात संत श्री पागल बाबा जी के द्वारा किया गया। शुरुआत में संघ के संरक्षक एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर,जिला महामंत्री चंद्र शेखर शर्मा,अलिंद चौहान, विष्णु शर्मा, भानु प्रताप सारस्वत, अनिल मिश्रा,आमोद श्रीवास्तव,दिनेश शर्मा, लोकेंद्र गर्ग, मोनू रजक,राहुल शर्मा,करतार सिंह गुर्जर, केशव देव शर्मा,पृथ्वी सिंह गुर्जर,हरिओम शर्मा,आमीन खान आदि पदाधिकारियों ने पागल बाबा का गुलदस्ता भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत कर आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि पागल बाबा एवं कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने अपने हाथों से राहगीरों को प्रसादी वितरण कर इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिले के प्रख्यात संत पागल बाबा ने कहा कि सावन के महीने में भंडारे आयोजित कर अन्न दान करना



बेहद पुनीत कार्य होता है। उन्होंने राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पिछले दस सालों से राहगीरों के लिए शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ का संचालन करने की तारीफ करते हुए सावन के पवित्र महीने में भंडारा आयोजन को एक अनुकरणीय पहल बताया।

संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले दस सालों से संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से आमजन के लिए शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि श्रावण का पवित्र महीना चल रहा है। इसीलिए संगठन की ओर से आमजन के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। है। संघ के प्रवक्ता अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों बच्चों ने प्रसादी ग्रहण कर शिक्षकों द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक सरोकारों की सराहना की ।

इस अवसर पर पवन मित्तल, मुकेश पाराशर, पुरुषोत्तम शुक्ला, कैलाश चंद, आशीष शर्मा, राजेश कामवार, विशंभर दयाल शर्मा, अशोक मित्तल, राजीव सिसोदिया,दिनेश सिंह ,पुनीत शर्मा, विशंभर सिंह कुशवाह, अनिल शर्मा, विवेक भास्कर, रामदास, फिरोज खान,सचिन पाराशर ,मुरलीधर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## वनमंत्री ने की कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व की प्रगति समीक्षा: संजय शर्मा बोले-पौधा लगाना आसान, संरक्षण जरूरी; वनभूमि पर अतिक्रमण पर कार्रवाई होगी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में रविवार को प्रदेश के वनमंत्री संजय शर्मा का दौरा रहा। इस अवसर पर वनमंत्री ने कलेक्ट्री सभागार में बजट घोषणाओं के कार्यों व पौधारोपण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। जहां वन मंत्री शर्मा ने बजट घोषणाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों को लेकर विभागीय अधिकारियों से बातचीत की।

इस अवसर पर संजय शर्मा ने कुंभलगढ़ में टाइगर रिजर्व की प्रगति रिपोर्ट व कार्य में आ रही बाधाओं को लेकर चर्चा की जिससे कि जल्दी से जल्दी से टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट पूरा हो।इस अवसर पर शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पौधा लगाना आसान है लेकिन पौधे का संरक्षण करना महत्वपूर्ण है। राजसमंद में गत वर्ष जो पौधारोपण किया गया उसमें 70 प्रतिशत पौधे संरक्षित है। ये बहुत बड़ी उपलब्धी है। राज्य सरकार के प्रोजेक्ट कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व की प्रगति को लेकर पूरी रिपोर्ट देखी है जिसमें वन विभागों के कार्यों के अलावा अब ओर क्या आवश्यकता उसको लेकर चर्चा की गई।साथ ही वन क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए आमजन की भागीदारी को अधिक अधिक से बढाने पर भी चर्चा की जिसमें विशेष तौर से जब जंगल में आग की घटनाएं होती उस समय स्थानीय ग्रामीणों को किस तरह से सहयोग लिया जाए इस पर भी चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में एक पौधा मां के नाम के आव्हान के बाद राज्यभर में 8 करोड़ के करीब पौधारोपण हो चुका है साथ ही प्रदेश में हरियालो राजस्थान के तहत 2 करोड़ 51 लाख पौधे लगाए जा चुके है। बैठक में कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ व नाथद्वारा विधायक विश्व राज सिंह, कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा सहित डीएफओ कस्तूरी प्रशांत शूले व वनविभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## अवैध डोडा चूरा और गांजे के साथ एक गिरफ्तार

तलाशी के दौरान प्लास्टिक की तीन थैलियों में भरा था मादक पदार्थ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में अवैध डोडा चूरा व गांजे के साथ युवक को गिरफ्तार किया। जिले के आमेट पुलिस थाना सर्कल में पुलिस ने युवक की तलाशी के दौरान गांजा व डोडा चूरा बरामद किया था जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया।

**डोडा चूरा के साथ 1 गिरफ्तार**-आमेट पुलिस थाना इंचार्ज ओम सिंह के अनुसार पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के आदेशानुसार जिले में आपराधिक गतिविधियों रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आमेट पुलिस को अवैध गांजा व डोडा चूरा के साथ युवक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

**अलग-अलग थैलों में भरा था नशा**-पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त को गश्त के दौरान किशनपुरिया से घोसुंडी जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिस की टीम ने एक संदिग्ध युवक को डिटेन कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास प्लास्टिक की तीन थैलियां मिली। जिनमें अवैध डोडा चूरा व गांजा भरा हुआ था।एक थैली में 1 किलो 170 ग्राम डोडा चरा व दसरी थैली दूसरी थैली में 1 किलो 700 ग्राम डोडा चूरा भरा हुआ था। वहीं तीसरी थैली में गांजा भरा हुआ था जिसका वनज 1 किलो 350 ग्राम था।पुलिस ने युवक के पास अवैध गांजा व डोडा चूरा होने पर युवक विनोद कुमार (40) पुत्र मीठालाल लौहार निवासी किशनपुरिया को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया.

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधाएं - श्रीभान सिंह राजावत

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा ) ।** रूपबास कस्बे के भरतपुर धौलपुर मार्ग स्थित श्री हरमाया मैमोरियल नर्सिंग कॉलेज एण्ड हास्पीटल में एम्बुलेंस का शुभारंभ प्रबंधक श्रीभान सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य व राकेश परमार की अध्यक्षता में फीता काट कर किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपना कर भरतपुर इकाई के सदस्य व समाजसेवी संजीव गुप्ता, कर्नल हरी सिंह, डाक्टर महेश शौर्यवान सिंह राजावत, वीरेंद्र गोयल, अधिवक्ता पंकज मौजूद थे।

इस दौरान हास्पीटल की एम्बुलेंस को प्रबंधक श्रीभान सिंह राजावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता ने सोनोग्राफी कक्ष का फीता काटकर मशीन की पूजा




अर्चना की। वहीं विशिष्ट अतिथि कर्नल हरी सिंह ने एक्स-रे कक्ष का फीता काट शुभारंभ किया।इस दौरान हास्पीटल के प्रबंधक श्रीभान सिंह राजावत ने बताया कि रूपवास कस्बे में चिकित्सकीय सुविधाएं के अभाव को देखते हुए हास्पीटल शुरू करवाया गया है। जिससे कस्बे सहित उपखंड में रहने वाले लोगों को चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर मिल सकें। श्री हरमाया मैमोरियल नर्सिंग कॉलेज एण्ड हास्पीटल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, एनेस्थिया एवं क्रिटिकल केयर विभाग, चेहरा जबड़ा सर्जरी विभाग, अस्थि रोग, नेत्र चिकित्सा विभाग, यूरोलॉजी, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग से संबंधित सभी रोगों का उपचार एक ही छत के नीचे हो सकेगा। हास्पीटल में दो सौ बैड की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डाक्टर अमर सिंह, अंकुश, शिषुपेन्दर सिंह, डॉ. महेंद्र, योगेन्द्र, गौतम, मिथुन,बलवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## केंद्र सरकार पूंजिपतियों की तरह किसानों का भी कर्जा माफ करें - बृजेंद्र चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** गांव जटबलाई निवासी एवं राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी ने कहां कि भाजपा ने वायदा किया कि वर्ष 2022 तक किसानों की दुगनी आय हो जाएगी। अब तो वर्ष 2025 चल रहा है किसानों की दुगनी आय हुई क्या ? इससे साफ झलकता है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना फर्क है। जमीनी हकीकत यह है कि मुंह फाड़ती महंगाई में किसानों की दुगनी आय तो दूर की बात है उनकी सिंगल आय पर संशय बना हुआ है। किसान कर्ज के दलदल मे गर्दन तक फंस चुके है। मीडिया खबरों के अनुसार राजस्थान के 1.06 करोड़ किसानों पर 1.87 लाख करोड़ रुपए कर्ज है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया है। जबकि किसानों का कर्जा एक रूपये भी माफ नहीं किया है। अगर किसान समय पर कर्ज़ नहीं चुका पाए तो मुकदमा और जमीन नीलाम हो जाती है। जबकि पूंजीपतियों का कर्जा माफ कर दिया जाता है। डबल इंजन की सरकार ने एक लिखित जवाब में कहां है कि किसानों का कर्जा माफ करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। पूंजीपतियों की तरह किसानों का कर्जा कब माफ किया जाएगा ? इसका जवाब जनता जानना चाहती है।

## कोटा खुला विश्वविद्यालय की कंप्यूटर दक्षता परीक्षा का आयोजन

### समय पर नहीं आने के चलते कई अभ्यर्थी लौटे मायूस होकर बैरंग वापस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कोटा खुला विश्विद्यालय द्वारा कम्प्यूटर में दक्षता को लेकर रविवार को शहर के किला सीनियर सेकेंडरी स्कूल आरएससीआईटी परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमे बाड़ी, बसेड़ी और सरमथुरा क्षेत्र के परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा आयोजन को लेकर निर्धारित समय से थोड़ा लेट पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। ऐसे में दूर-दराज से आये अभ्यर्थी मायूस होकर वापस लौटे।

सरमथुरा उपखंड की बिलोनी से आई महिला अभ्यर्थी गुंजन शर्मा ने बताया कि वह सेंटर तक पहुचने में 15 मिनट लेट हो गए। उनके रास्ते में दो नदियां पड़ती हैं।



जिनको पार करने में समय लग गया। लेट होने के चलते उनको प्रवेश नहीं दिया गया। मजबूरी यह थी कि रास्ते में कई जगह बारिश का पानी भी भरा मिला है।

वही बसेड़ी के गांव बागथर गांव से आई महिला अभ्यर्थी ज्योति ने बताया कि वह अपने भाई के साथ बाइक से परीक्षा देने आई थी। केवल 5 मिनट लेट हो गई। इसलिए उसको गेट के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं कई अन्य अभ्यर्थी भी लेट होने के चलते परीक्षा नहीं दे सके।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा नोडल अधिकारी एवं परीक्षा प्रभारी हरिओम सिकरवार ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कंप्यूटर दक्षता की यह आरएससीआईटी परीक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर आयोजित हुई थी। जिसमें 356 अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया था। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 11 बजे 1 घंटे का था। इससे पूर्व सभी स्टूडेंट्स को 8.30 बजे से 9.30 बजे तक प्रवेश देना था। साढ़े नों बजे के बाद जो भी अभ्यर्थी पहुंचे है। उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया है। परीक्षा में 31 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं।



# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 84वें तीन दिवसीय उर्स का कुल की फातिहा के साथ समापन हुआ

## दीवाना शाह दरगाह कपासन पर आज मुख्य मजार के पट आम जायरीन हेतु खोले जायेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन दिवसीय उर्स का रविवार को कुल की फातिहा के साथ समापन किया गया।

दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि रविवार बाद नमाजे फजर के देग का खाना तकसीम किया तथा 8 बजे शाही महफिलखाने में महफिलें मीलाद पाक स.अ. के बाद बारी-बारी कव्वाल पार्टियों द्वारा सुफियाना कलाम पेश किया गया।आखिर मे 43 कव्वाल पार्टियों ने मिलकर हजरत महबूबे ईलाही निजामुद्दीन औलिया देहलवी के मुरीदे खास 8 सुल्तानों का राज देखने वाले खड़ी बोली के जनक,तूतीए हिन्द हिन्दुस्तान का तोता हजरत अमीर खुसरो र.अ. ने 700 साल पहले लिखे अपना कलाम आज रंग हे री माँ रंग हे री,मेरे महबूब के घर रंग हे,ऐसो पीर पायो निजामुद्दीन औलिया,मे तो ऐसो पीर और नही देखियो री पढ़ा तो जायरीने दीवाना पर वज्द तारी हो गया।आशिके दीवाना ने दीवाना वार होकर ईनाम के तौर पर रूपयो की बारिश कर दी।

दरगाह वक्फ कमेटी सदर अनवर अहमद छीपा ने बताया कि दरगाह वक्फ कमेटी के नायब सदर मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने केन्द्र सरकार, राजस्थान सरकार,जिला प्रशासन,क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन,नगर पालिका,बिजली,पानी,रोड़वेज विभाग एवं रेल्वे अधिकारियो के साथ वॉलियन्टियर्स, कर्मचारी एवं कार्यकर्ताओ का शुक्रिया अदा कर कुल की फातिहा मे शिजरा पढ़कर मुल्क मे हुजूर स.अ.व., औलियाऐ किराम एवं बाबा हुजूर के वसीले से अमनो सुकून की दुआ की तो पूरा दरगाह परिसर आमीन-आमीन ऐसा ही हो,ऐसा ही हो की सदा से गूंज उठा। जगह-जगह कुल के छीटों के लिये फव्वारा सिस्टम की व्यवस्था की तथा करीब 100 कार्यकर्ताओ ने कुल के छींटे लगाये।कुल के छींटो के साथ हर व्यक्ति यह सोचकर घर को रवाना हो गया की बाबा हुजूर ने मुझे स्वयं विदाई दी। इस अवसर पर राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के चेयरमेन डॉ. खानू खान बुधवाली ने



कहाकि उर्स से आपसी भाईचारा बढ़ता है।हिन्दु-मुस्लिम कोमी एकता की मिसाल हजरत दीवाना शाह के उर्स मे देखने को मिलती है।साथ ही समाज मे शिक्षा को बढ़ावा देने एवं दरगाह कमेटी कपासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की।राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के सदस्य हाजी युसूफ खां,दरगाह हजरत गरीब नवाज़ के सैयद वाहीद अंगारा शाह सचिव अंजुमन,सैयद मुर्शरफ चोधरी,राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव धीरज गुर्जर,जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचयात समिति कपासन प्रधान भेरूलाल चोधरी,भीलवाड़ा उद्योगपति याकूब खां आदि उपस्थित रहे।यहां सोमवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दर्शनो हेतु खोले जायेगें।आम जायरीन के दर्शन हेतु साल मे एक बार ही मुख्य मजार के पट खोले जाते है।

# नेत्र परीक्षण कैंप में 250 रोगियों की जांच

### 52 रोगियों के मोतियाबिंद पाया गया गोमाबाइ हॉस्पिटल संस्थान में होगा निशुल्क ऑपरेशन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** कोली समाज विकास ट्रस्ट और गोमा बाई नेत्र चिकित्सालय नीमच के संयुक्त तत्वावधान में देव नारायण मंदिर परिसर में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत भगवान बाबा रामदेव देव नारायण की तस्वीर पर पुष्प माला व तिलक लगाकर की गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य पंचों द्वारा डॉक्टर कीर्तना, ललित अग्रवाल, आशीष, अरुण, रणवीर, सर्वर, सोनल, संगीता, राज, हेमा सहित गोमा बाई नेत्र चिकित्सालय नीमच की टीम का तिलक व मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस नेत्र शिविर में कुल 250 रोगियों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। रोगियों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए। 52 रोगियों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिनका निशुल्क ऑपरेशन गोमा बाई नेत्र चिकित्सालय, नीमच में 5, 6, 7 अगस्त 2025 को किया जाएगा[1]। शिविर में भीलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों सुबाना, रूपाहली, ढिकोला, शाहपुरा, मांडल, बनेड़ा, पुर गांवों के लोग भी शामिल हुए। डॉ. कीर्तना ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान के साथ नेत्र शिविर आयोजित करना ईश्वरीय शक्ति के संरक्षण के समान है, क्योंकि आंखों की ज्योति बचाना भगवान का कार्य है। ऐसे कैंप के जरिए कमजोर या घटती नेत्र ज्योति को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाते हैं। कार्यक्रम में समाज के चिकित्सा मंत्री शंकर लाल बोथेडिया, सचिव मुरलीधर लोरवाडिया, अखिल भारतीय कोली समाज के पदाधिकारी बालूलाल बच्छापरिया आदि की उपस्थिति रही।

# कोटा दौसा मेगा हाइवे जानलेवा साबित हो रहा है

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** लाखेरी उपखंड से होकर निकल रहे कोटा दोसा मेगा हाइवे पर आजन्दा से लेकर पापड़ी मेज नदी की पुलिया सहित इंद्रगढ़ सड़क पर सेकड़ो गड्ढे वाहन चालकों के लिये जान लेवा साबित हो रहे है।मेगा हाइवे सड़क पर बरसात पूर्व ही गड्ढे थे जो बरसात में पानी भरने व समय पर मरम्मत नही होने से अब ब्लेक स्पॉट में तब्दील हो कर जानलेवा साबित हो रहे है पूर्व में में सड़क के गड्डो को बचाने के चक्कर मे घाट के बराणा के समीप हुए बस हादसे में चार जनों की जान जा चुकी है वर्तमान में भी आजन्दा से लेकर इंद्रगढ़ की सड़क में सेकड़ो से अधिक गड्ढे हो रहे जिनमे आये दिन ही बाइक चालक गिर कर चोटिल हो रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित आर्यावर्त अखंड भारत व विश्व के सबसे बड़े शब्द का विमोचन

### उपन्यास के पेज नंबर 315 पर 781 अक्षरों में वर्णित विश्व का सबसे बड़ा शब्द लिखा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरैंदा बाड़ी के वरिष्ठ अध्यापक महावीर कश्यप के उपन्यास आर्यावर्त अखंड भारत का विमोचन सर्किट हाउस धौलपुर में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा व जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत पूर्व एम एल ए बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा के द्वारा किया गया। खानपुर मीणा निवासी महावीर कश्यप द्वारा अमृत महोत्सव कालखंड में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम से प्रेरित व ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित आर्यावर्त अखण्ड भारत उपन्यास लिखा गया है, उपन्यास में संसार के अन्य साहित्य की तुलना में आतंकवाद जन्य परिस्थिति का सबसे अधिक कारुणिक चित्रण हुआ है।

वैदिक संस्कृति से परिपूर्ण आर्यावर्त के अलौकिक कालखंड में अमृतमयी अखंड भारत की कल्पना स्वप्निल नहीं बल्कि जीवंत रही है। राष्ट्रप्रेमी भारतीयों का वही हार्दिक उल्लास उपन्यास में पूर्नजीवित हुआ है।

आर्यावर्त उपन्यास के द्वारा अतीत की स्वर्णिम आभा वर्तमान की चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं एकरुप में समाहित कर भारतीय उपमहाद्वीप को अखण्ड राष्ट्र के रुप में परिलक्षित किया गया है।

इसमें दो देशों का नहीं बल्कि दो सामाजिक संस्कृतियों का अनूठा संगम है। आर्यावर्त उपन्यास पहलगाम, पुलवामा और 26/11 के आतंकवादी हमलों का कारुणिक चित्रण कर इन हमलों में शहीद हुए देशभक्तों के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप है। आर्यावर्त अखण्ड भारत उपन्यास में वर्णित कविता जलियांवाला बाग के लिए हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन द्वारा राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार अमृत कुंभ सम्मान प्रदान किया गया है।

# आखिर तीनों दोस्तों को कब मिलेगी सच्ची श्रद्धांजलि

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास गोड,राहुल टांक, राहुल धाकड़ की मृत्यु के 7 साल बाद भी हालत जस के तस

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा मे अहिंसा सर्किल से जेके चौराहा तक जाना आज भी किसी खतरे से कम नहीं क्यूंकि कब तेज़ गति से चलते भारी वाहन और बसें कब किसको लपेटे में ले ले इसकी कोई गारंटी नहीं ।

आपको बता दे की आज से 7 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास गोड, राहुल टांक, राहुल धाकड़ की इसी रोड पर कॉलेज चुनाव की तैयारी में लगने की वजह से रात को फ्लेक्स लग रहे थे और तभी तेज गति से आ रहे भारी वाहन टेलर ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीनों दोस्तों की मृत्यु हो गई थी जिसकी याद में हर साल विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 2019 से लगाते आ रहे है। जिनकी याद में सोमवार को महेश एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट आदर्श कॉलोनी निंबाहेड़ा में प्रात: 8.00 बजे से शाम को 5.30 बजे तक रक्तदान शिविर रखा गया है।

लेकिन सवाल यही हैक्या केवल रक्तदान शिविर लगाकर ही इन युवाओं को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है?



### स्थायी समाधान कब?

ना तो प्रशासन ने अब तक मार्ग से अतिक्रमण हटाया, ना ही सड़क चौड़ीकरण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया है। भारी वाहनों और बसों की आवाजाही आज भी शहर के बीचों-बीच उसी तरह से हो रही है।

### तो क्या हम यह मान लें कि श्रद्धांजलि केवल रस्म अदायगी भर है?

जब तक इस मार्ग पर कोई स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक इस तरह की पुनरावृत्तियाँ होती रहेंगी और तीनों दिवंगत युवाओं की आत्मा को सच्ची शांति नहीं मिल पाएगी।

यह आवश्यक है कि प्रशासन न केवल इस मार्ग पर प्रतिबंध लागू करे बल्कि उसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करे। तभी इन युवाओं को सच्ची श्रद्धांजलि मिल सकेगी।

### सड़क सुरक्षा के वादे, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं

हादसे के बाद भी उस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन जस का तस बना हुआ है। हाल ही में 3 मई 2025 को दो छात्र लोक परिवहन की एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गए थे। इस पर निंबाहेड़ा बार एसोसिएशन द्वारा सड़क अवरुद्ध कर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया कि कोर्ट के बाहर स्पीड ब्रेकर लगवाया जाएगा।

यह कार्य हुआ भी, लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि जिस बस का परमिट दो वर्ष पूर्व समाप्त हो चुका था, वह अब तक कैसे संचालित हो रही थी—इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। 4 मई को दैनिक बढ़ता राजस्थान में प्रकाशित समाचार 'आखिर कितनों की जान लेंगी ये तेज रफ्तार बसे और ट्रेलर' के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाई और 7 मई को विधायक श्री चंद कृपलानी के निर्देश पर निंबाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निंबाहेड़ा शहर में भारी वाहनों और बसों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए थे। लेकिन कुछ ही दिनों बाद ये तयशुदा व्यवस्था ठप हो गई और पूर्ववत स्थिति लौट आई।

# पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए किसान निधि योजना में 20,500 करोड़ की सम्मान राशि के हस्तांतरण का भीलवाड़ा की जनता ने मिलकर देखा सीधा प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** वाराणसी में संपन्न हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा देश के किसानों के लिए किसान सम्मान निधि के अंतर्गत देश के 9.70 करोड़ से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी बांसवाड़ा से वर्चुअल जुड़े। इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए अगरपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र भीलवाड़ा पर कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था करी गई जिसमें जिले के अनेकों किसानों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सिंधु और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा उपस्थित रहे।

विधायक अशोक कोठरी ने बताया कि प्रधान मंत्री द्वारा लाई गई यह किसान सम्मान निधि योजना परोपकारी एवं किसान हितैषी है । इस योजना से वास्तव में भारत जिसे कृषि प्रधान देश कहा जाता है वहां का किसान फिर से सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकेगा। इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा घोषित की गई राशि द्वारा प्रदेश के 75 लाख से अधिक किसानों को 6000 रुपए एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 3000 रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदेश के किसानों के खातों में सीधी पहुंचेगी। यह किसान सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को ओर अधिक संबल एवं आत्मनिर्भर बनाएगी। वास्तव में यह डबल इंजन की सरकार किसान हितैषी सरकार है।

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह शहर विधायक अशोक कोठारी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं अन्य कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले भर से आए हुए चयनित किसानों को फसल सुरक्षा हेतु मिनी किट मुर्गीपाल को प्रोत्साहन देने हेतु चिक्स एवं फसल के बचाव हेतु कीटनाशक का वितरण किया गया ।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा एसडीएम अक्षत कुमार सिंह ,एडीएम प्रशासन ओम प्रकाश महर, सहकारिता रजिस्ट्रार अरविंद ओझा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास नगर वुमेंस क्लब ने मनाया लहरिया और तीज उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के विकास नगर में वुमेंस क्लब ने रोटरी क्लब बूंदी में धूमधाम से लहरिया एवं तीज उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक और पार्षद शांति सोनी ने भगवान गणेश और शिवजी की वंदना के साथ की। इस अवसर पर कॉलोनी की युवा और बुजुर्ग महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया परिधान और गहनों में सज-धज कर हिस्सा लिया। उत्सव के दौरान महिलाओं के लिए कई तरह की नृत्य और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे । लहरिया क्वीन तेज कंवर सिसोदिया , श्रीमती तीज क्वीन इशिका धनवानी, पारंपरिक परिधान




शकुंतला सिंह नरूका विजेता रही, एकल नृत्य कनिष्ठ वर्ग में अनीशा शर्मा प्रथम, ममता गौतम और अनुराधा बांगड़ संयुक्त रूप से द्वितीय रही , युगल नृत्य कनिष्ठ वर्ग में जयमाला शर्मा और वंदना टेलर प्रथम, रिंकी असवानी और लक्षिता असवानी द्वितीय रही । एकल नृत्य वरिष्ठ वर्ग में श्रीमती प्रकाश शर्मा प्रथम, श्रीमती संतरा कवर द्वितीय रही ,वरिष्ठ युगल वर्ग श्रीमती रुक्मणी लाठी और श्रीमती निर्मल जाजू प्रथम रही , सामूहिक नृत्य रेखा सिंह एंड पार्टी विजेता रही । सुंदर हथेलियां प्रतियोगिता में स्वाति बांगड़ (प्रथम), रुचि चित्तौड़ (द्वितीय) वही हरियाली फैशन का जलवा कनिष्ठ वर्ग तृप्ति योगी प्रथम रही, हरियाली फैशन का जलवा वरिष्ठ वर्ग मंजू सोमानी (प्रथम) महिला म्यूजिकल चेयर में पुष्पा एवरग्रीन (प्रथम), गीता शर्मा द्वितीय संस्कृति सरप्राइज गेम में सोनू जाजू, संतरा कंवर, प्रिया मंत्री और प्रकाश शर्मा विजेता रही , कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्पना शर्मा थीं, जबकि निधि गंगवाल और अमिता सोमानी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



आसानी से मिलने वाली हर वो चीज हमेशा तक नहीं रहती, जो हमेशा तक रहती है वो आसानी से नहीं मिलती।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

## दिल्ली पुलिस ने बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा कहा

### टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी बोले- ये गलती नहीं, भाजपा की साजिश है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को बंग भवन को लिखे एक सरकारी लेटर में बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा बताया। इसमें लिखा था, अवैध रूप से भारत में रह रहे 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद डॉक्यूमेंट्स बांग्लादेशी भाषा में हैं। ऐसे में आगे की जांच के लिए बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा का एक आधिकारिक अनुवादक उपलब्ध कराएं। इस लेटर पर सवाल उठाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को ङ्क पर कहा- दिल्ली पुलिस की यह कोई छोटी-मोटी गलती नहीं है। यह भाजपा की बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और बंगाल को बांग्लादेश से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की एक सोची-समझी साजिश है। अभिषेक ने लिखा- यह संविधान के आर्टिकल 343 और 8वीं अनुसूची का उल्लंघन है। बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है। बांग्ला को विदेशी भाषा कहना सिर्फ अपमान नहीं है।

## रूस में 600 साल बाद क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी फटा

### 6 किमी ऊंचाई तक राख का गुबार फैला; यहां दुनिया का छठा बड़ा भूकंप आया था



बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को ( एजेंसी )।** रूस के कामचटका में 600 साल बाद क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में पहली बार विस्फोट हुआ। कामचटका के इमरजेंसी मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 2 अगस्त को इस ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने कहा- 1856 मीटर ऊंचे क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद 6 हजार मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार फैल गया। इसके चलते इस इलाके का एयर स्पेस बंद कर दिया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस विस्फोट का संबंध 4 दिन पहले रूस के कामचटका आइलैंड में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप से हो सकता है।

इससे पहले बुधवार को कामचटका प्रायद्वीप पर स्थित क्ल्यूचेव्स्काया सोपका ज्वालामुखी में भी विस्फोट हुआ था। सोपका ज्वालामुखी यूरोप और एशिया में सबसे एक्टिव ज्वालामुखी है।

यह दोनों ज्वालामुखी विस्फोट रूस के जिस इलाके में हुए हैं, वह रिंग ऑफ फायर के पास मौजूद है। रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कई कॉन्टिनेंटल के साथ ही ओशियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90% भूकंप इसी रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है।

दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75% इसी क्षेत्र में हैं। 15 देश इस रिंग ऑफ फायर की जद में हैं। कितने देशों में है रिंग ऑफ फायर का असर जापान, रूस, फिलिपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मैक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्काडोर, चिली, बोलिविया।

## केनरा बैंक में घुसे दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

### मध्य प्रदेश की शटर तोड़ गैंग के सदस्य हैं दोनों; दिन में रेकी कर रात को करते चोरी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में केनरा बैंक में चोरी के लिए घुसे दो बदमाशों को झोटवाड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर मध्य प्रदेश की शटर तोड़ गैंग के दोनों बदमाशों को दबिश देकर पकड़ा। बदमाशों ने दिन में टारगेट चुनकर रात को वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने कई वारदातों के खुलासे की संभावना जताई है। डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया- मध्य प्रदेश की शटर तोड़ गैंग के बदमाश गिर्राज सैन (26) पुत्र संतोष कुमार सैन उर्फ पप्पू निवासी गुना मध्य प्रदेश, हाल जोशी मार्ग झोटवाड़ा और कुमेर सिंह अहिरवाल (28) पुत्र श्रीराम अहिरवाल निवासी गुना मध्य प्रदेश, हाल रावणगेट करधनी को अरेस्ट किया है। आरोपी मकान तोड़ने और झिरी खोदने का काम करते हैं।

#### पार्क में बैठकर टाइम पास करते

मकानों में काम के दौरान आस-पास के घर-दुकानों और बैंकों की रेकी करते, उसके बाद साथियों से मिलकर वारदात को अंजाम देते। पूछताछ में सामने आया है कि दिन के समय बाइक से टारगेट को चिह्नित करते थे। उसी के आस-पास किराए का कमरा लेकर या पार्क में बैठकर समय बिताते। रात होने के बाद नकाब पहनकर चोरियां करते।

## ओडिशा नाबालिग हत्याकांड डिप्टी सीएम बोले- विपक्ष राजनीति न करें

### बीजेडी का आरोप- सरकार आरोपियों को बचा रही; पिता ने कहा- कोई दोषी नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ओडिशा में 15 साल की लड़की को जिंदा जलाने के मामले में उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव ने रविवार को कहा- विपक्षी दल इस मामले में राजनीति न करें। राज्य सरकार ने पीड़ित को बचाने की हर संभव कोशिश की थी। उसे दिल्ली एम्स हॉस्पिटल में भी भेजा गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

बीजू जनता दल का आरोप है कि राज्य की भाजपा सरकार अपराधियों को बचा रही है। पुलिस ने पहले बताया कि घटना में 3 लोग शामिल थे। जब लड़की की मौत हो गई तो अब कह रही कि इसमें कोई शामिल नहीं था। घटना के लिए अकेली लड़की ही जिम्मेदार थी। ओडिशा के बायाबर गांव में 19 जुलाई को कुछ लोगों ने 15 साल की एक लड़की को जिंदा जला दिया था। दिल्ली एम्स में रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लड़की को गंभीर हालत में पहले भुवनेश्वर और फिर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था।

## बनास नदी में डूबे दो बच्चों को बचाया, खुद डूब गया

### 3 जिलों में बारिश का अलर्ट; झालावाड़ में 6 अगस्त तक स्कूलों की छुट्टी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में तेज बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। मौसम खुलने से गर्मी और उमस एक बार फिर से बढ़ने लगी है। रविवार को पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, अलवर, करौली के कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य के 5 जिलों में सोमवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शेष राज्य में मौसम शुष्क रहने और स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है। झालावाड़ में जिला कलेक्टर ने स्कूली की छुट्टियां 6 अगस्त तक बढ़ा दी है। बनास नदी में नहा रहे दो बच्चों को डूबने से बुजुर्ग ने बचा लिया, लेकिन खुद डूब गया। पिछले 24 घंटे के दौरान भरतपुर के रुदावल में 63एमएम, वैर में 50, बयाना में 51, उच्चैन में 47, उदयपुर के झाड़ोल में 13, कोटड़ा में 8, करौली के टोडाभीम में 6, नादौती में 4, धौलपुर के राजाखेड़ा में 15एमएम बरसात दर्ज हुई। इधर, जयपुर, अजमेर, नागौर समेत कई जिलों में रविवार दिन में बादल छाए और धूप भी निकली। जैसलमेर, बीकानेर, फलोदी में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान बीकानेर में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून ट्रफ अभी जालंधर, चंडीगढ़, शाहजहांपुर, लखनऊ से होकर गुजर रही है। इस कारण अगले कुछ दिन राजस्थान में लोगों के भारी बारिश से राहत रहेगी।



#### बनास नदी में दो बच्चों को बचाने में बुजुर्ग डूबा

टोंक में बनेठा क्षेत्र के मंडावर गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में रविवार सुबह 10 और 11 साल के लड़के-लड़की ट्यूब की मदद से किनारे पर नहा रहे थे। नहाते समय बच्चे गहरे पानी में चले गए और बहाव में बहने लगे तो बचाने के लिए चिल्लाए। इनकी आवाज सुनकर वहीं से नहाकर घर लौट रहे बालूराम कीर (65 ) ने दौड़कर नदी में छलांग लगाई और दोनों बच्चों बचाकर किनारे की ओर कर दिया, लेकिन खुद पानी में बह गया। सूचना पर लोग वहां पहुंचे। टोंक से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम बुजुर्ग की तलाश कर रही है।

वहीं टोंक शहर के वैष्णो देवी मंदिर के पास पिकनिक मनाने आया मध्य प्रदेश का अजय नहाते समय बह गया। युवक की तलाश जारी है।

## टैरिफ के ऐलान के बाद अमेरिकी तेल इंपोर्ट दोगुना

### भारत ने अप्रैल-जून में 30 हजार करोड़ का तेल खरीदा; फिर भी ट्रम्प धमका रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114% की बढ़ोतरी हुई है।

2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपए का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया। न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून



2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23% ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3% से बढ़कर 8% तक पहुंच गई।

## एनसीपी-शरद के विधायक बोले- सनातन धर्म ने भारत बर्बाद किया

### ऐसा कभी कोई धर्म नहीं था, सनातन धर्म ने शिवाजी महाराज के राजतिलक को नकारा

बढ़ता राजस्थान

**ठाणे ( एजेंसी )।** एनसीपी (शरद गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं। उन्होंने आरोप लगाया- इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की। आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डॉ. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया।

## इजराइली मंत्री ने अल-अक्सा मस्जिद परिसर में प्रार्थना की

### यह इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद, इस पर यहूदी और ईसाइयों का भी दावा

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव ( एजेंसी )।** इजराइल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद के कैंपस में जाकर प्रार्थना की। एक यहूदी संगठन ने इसका वीडियो जारी किया, जिसमें ग्विर कुछ लोगों के साथ मस्जिद कैंपस में घूमते और प्रार्थना करते नजर आए। बेन-ग्विर का यह दौरा तिशा बाव के दिन हुआ, इस दिन यहूदी लोग प्राचीन मंदिरों के तबाही की याद में उपवास करते हैं। मक्का और मदीना के बाद अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद है। मोहम्मद साहब ने यहीं से जन्नत की यात्रा की थी। नियमों के मुताबिक, यहूदी लोग यहां जा सकते हैं, लेकिन प्रार्थना नहीं कर सकते। हालांकि इस जगह पर यहूदियों और ईसाइयों का भी दावा है।

बाइबल के मुताबिक यहूदियों के



लिए इसी जगह पर करीब 1000 ईसा पूर्व में सोलोमन राजा ने दो मंदिर बनवाए थे।

इस मंदिर को टेंपल माउंट नाम से जाना जाता है, लेकिन अब सिर्फ इसकी एक दीवार बची है जिसे वेस्ट वॉल कहा जाता है और यह यहूदियों के लिए सबसे पवित्र जगह है। वेस्ट वॉल के पास ही यीशू का जन्म हुआ था, इसलिए यह ईसाइयों का भी पवित्र स्थल है।

#### ग्विर बोले- बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की

बेन-ग्विर ने कहा कि उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जीत और बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गाजा पर पूरी तरह कब्जा करने की मांग भी दोहराई। इस परिसर की देखभाल करने वाली संस्था ने बताया कि बेन-ग्विर सहित 1,250 लोग वहां गए और कुछ ने प्रार्थना की, नारे लगाए और डांस किया। वहीं, फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैन ने इस दौरे की निंदा की और इसे सारी हदें पार करने वाला बताया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से दखल देने और गाजा युद्ध रोकने की मांग की। सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ता देख इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये नियम नहीं बदले हैं और न ही बदलेंगे।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


## शहीद की पार्थिव देह को देखकर मां-पत्नी बेसुध हुई

### सीकर के जवान को 2 साल के बेटे ने मुखाग्नि दी;10 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकली

बढ़ता राजस्थान

**सीकर ।** जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए सीकर के राजेंद्र प्रसाद बगड़िया (37) का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। 2 साल के बेटे दिव्यांशु ने पिता को मुखाग्नि दी तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। इससे पहले बेटे की पार्थिव देह को देखते ही मां और पत्नी बेसुध हो गई। रविवार को शहीद की पार्थिव देह पैतृक गांव नागवा पहुंची। धोद पुलिस थाने से नागवा तक 10 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा में 600 से अधिक बाइक और हजारों लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान राजेंद्र कुमार अमर रहे के नारे लगे।




#### सशस्त्र सीमा बल में थी तैनाती

जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान सीकर के जवान राजेंद्र प्रसाद बगड़िया शहीद हो गए थे। शनिवार सुबह ड्यूटी के दौरान वह बिल्डिंग की छत से गिर गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। घायल जवान को तुरंत गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

सेना के अधिकारियों ने जवान के पिता को ही निधन की जानकारी दी थी, मां और पत्नी को तब नहीं बताया गया था। राजेंद्र प्रसाद ने 2012 में सशस्त्र सीमा बल में भर्ती होकर देश सेवा शुरू की थी। डेढ़ साल से वह जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में 7 बटालियन की स्न कंपनी में तैनात थे। शहीद राजेंद्र बागड़िया के पिता रामनिवास खेती करते हैं। मां और पत्नी गृहिणी हैं। उनका छोटा भाई नरेंद्र विदेश में नौकरी करता है। शहीद के दो बेटियां और एक 2 साल का बेटा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार